## खबर संक्षेप

### अधिकारियों ने भांडदेवल स्मारक का किया भ्रमण

**आरंग।** गुरुवार को जिले के अधिकारियों ने राष्ट्रीय स्मारक



भांडदेवल का भ्रमण किया। इस दौरान अधिकारियों ने मंदिर के इतिहास, स्थापत्य कला और उसके पुरातात्विक महत्व की जानकारी प्राप्त की। अधिकारियों ने मंदिर की प्राचीनता, भव्यता और सुंदरता की सराहना करते हुए पुनः यहां आने की इच्छा व्यक्त की। भ्रमण में जिला शिक्षा कार्यालय रायपुर की सहायक परियोजना अधिकारी इंदिरा गांधी, एपीसी पूनम तिवारी, सहायक परियोजना समन्वयक निशा शर्मा तथा आरंग के नवाचारी शिक्षक महेंद्र पटेल शामिल रहे।

### कांग्रेस की ब्लाक स्तरीय बैठक कल

**आरंग।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी आरंग, चंदखुरी एवं शहर कांग्रेस कमेटी आरंग के संयुक्त तत्वावधान में 25 जुलाई को दोपहर 12 बजे राजीव भवन, आरंग में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सह-सचिव एवं सह-प्रभारी विजय जांगिड़, पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया तथा जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर (ग्रामीण) के अध्यक्ष राजेंद्र 'पप्पू' बंजारे विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। बैठक में ब्लॉक एवं शहर कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों सहित सभी मंडल अध्यक्षों से निर्धारित समय पर उपस्थित रहने का आग्रह किया गया है। यह जानकारी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी आरंग के अध्यक्ष कोमल सिंह साहू, शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष खिलावन निषाद तथा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी चंदखुरी के अध्यक्ष ओमप्रकाश यादव ने दी।

### चरौदा स्कूल में चंद्रशेखर आजाद की जयंती मनाई



**आरंग।** गुरुवार को शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला चरौदा में चंद्रशेखर आजाद की जयंती श्रद्धा के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में बच्चों ने आजाद के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए और उनकी जीवनी का वाचन किया। शिक्षकों ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि महापुरुषों के जीवन से हमें देशभक्ति, त्याग और आत्मसम्मान की सीख मिलती है। इसलिए हमें उनकी जीवनी अवश्य पढ़नी चाहिए। वहीं, आजाद जयंती के स्मरण में बच्चों और शिक्षकों ने मिलकर कदम के दो पौधे रोपित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। प्रकृति प्रेमी शिक्षक महेंद्र पटेल ने कहा कि बच्चों को बचपन से ही पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने और अच्छे संस्कार देने का प्रयास किया जा रहा है। पौधरोपण में संस्था प्रधान के. के. परमार, शिक्षक महेंद्र कुमार पटेल, सूर्यकांत चंद्राकर, दीनदयाल धीवर, डिलेश्वर प्रसाद साहू, शिक्षिका संगीता पाटले सहित बड़ी संख्या में बच्चों ने भाग लिया।

### निर्मला बनीं महिला प्रकोष्ठ की संयोजिका

**आरंग।** छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के नेतृत्व में आरंग क्षेत्र की निर्मला साहू को रायपुर संभाग महिला प्रकोष्ठ की



संयोजिका की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनकी नियुक्ति से आरंग क्षेत्र के समाजजनों एवं समर्थकों में हर्ष का माहौल है। समाज के प्रमुखों और शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएँ दी हैं। प्रदेश साहू संघ के अध्यक्ष डॉ. निरेंद्र साहू के मार्गदर्शन तथा प्रदेश महिला प्रकोष्ठ की संयोजिका दिव्या सोनकविहारी के निर्देशन में निर्मला साहू को यह दायित्व सौंपा गया है। निर्मला साहू लंबे समय से सामाजिक एवं राजनीतिक क्षेत्र में सक्रिय रहते हुए समाज सेवा और संगठन के लिए कार्य करती रही हैं। निर्मला साहू पूर्व में ग्राम पंचायत बैहार में तीन पंचवर्षीय कार्यकाल तक सरपंच का दायित्व निभा चुकी हैं।

# अटैचमेंट में पांच साल तक भृत्य ने ड्यूटी की अब वेतन के लाले, दी भूख हड़ताल की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा-नेवरा

तिल्दा-नेवरा नगर पालिका के एक कर्मचारी को लेकर विवाद सामने आया है। अनुकंपा नियुक्ति से भृत्य पद पर नियुक्त ओमप्रकाश साहू पिछले करीब पांच वर्षों से अनुविभागीय अधिकारी एवं तहसील कार्यालय में कार्यरत रहे, जबकि उनका वेतन नगर पालिका परिषद से जारी होता रहा। नगर पालिका प्रशासन के अनुसार, कई बार पत्र लिखकर एसडीओ कार्यालय से कर्मचारी को मूल पद पर वापस भेजने का अनुरोध किया गया। कर्मचारी को भी नगर पालिका में उपस्थित होकर राजस्व वसूली कार्य करने के निर्देश दिए गए, लेकिन वह वापस नहीं लौटा। इस मामले में प्रेसिडेंट इन काउंसिल की बैठक में प्रस्ताव पारित कर ओमप्रकाश साहू को एसडीओ कार्यालय से कार्यमुक्त कर नगर पालिका में राजस्व संग्रह कार्य में लगाने का निर्णय लिया गया। साथ ही निर्देश दिया गया कि 1 जून 2026 से नगर पालिका में उपस्थित नहीं होने पर उनका वेतन आहरित नहीं किया जाएगा तथा अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। नगर पालिका का कहना है कि निर्देशों के बावजूद कर्मचारी न तो अपने मूल पद पर लौटा और न ही एसडीओ कार्यालय की ओर से उसे कार्यमुक्त किया गया। इसके बाद उसका वेतन रोक दिया गया। इधर, तीन माह से वेतन नहीं मिलने पर कर्मचारी ओमप्रकाश साहू ने अनुविभागीय अधिकारी को आवेदन देकर मांग की है कि 24 जुलाई तक वेतन जारी नहीं होने पर वह 27 जुलाई से अपने पूरे परिवार के साथ भूख हड़ताल पर बैठेंगे।

## भृत्य ओमप्रकाश ने एसडीओ एवं तहसील कार्यालय में सेवा दी और वेतन पालिक से जारी होता था




### नगर पालिका में कार्य नहीं करने के बावजूद 25 लाख रुपये वेतन

आवेदन में उन्होंने यह भी कहा है कि यदि कोई अप्रिय घटना होती है तो इसकी जिम्मेदारी नगर पालिका और संबंधित अधिकारियों की होगी। उनका आरोप है कि वेतन रोकने से पहले उन्हें न तो कोई नोटिस दिया गया और न ही कारण बताओ सूचना। आवेदन की प्रतिलिपि नगर पालिका तिल्दा नेवरा को दी गई है। इस संदर्भ में मुख्य नगर पालिका अधिकारी अमिताभ शर्मा ने कहा कि कर्मचारी पिछले पांच वर्षों से एसडीओ कार्यालय में कार्यरत था। कई बार उसे मूल पद पर लौटने के लिए कहा गया। पीआईसी के निर्णय के बाद भी वह नगर पालिका नहीं लौटा, इसलिए नियमानुसार वेतन आहरित नहीं किया गया। उन्होंने यह भी कहा कि नगर पालिका में कर्मचारियों की कमी है और वित्तीय स्थिति भी कमजोर है। उनके अनुसार, पिछले पांच वर्षों में नगर पालिका में कार्य नहीं करने के बावजूद कर्मचारी को लगभग 25 लाख रुपये वेतन के रूप में दिए जा चुके हैं।

## विधायक ने भी जताई नाराजगी और कहा-ठोस कार्रवाई करें

# ग्राम आमनेर में अर्जुन प्रजाति की 43 ट्रैक्टर अवैध लकड़ी बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

अभनपुर से लगे ग्राम आमनेर में एक सप्ताह के भीतर दूसरी बार बड़ी मात्रा में अवैध लकड़ी का भंडारण मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया।

- आमनेर में एक सप्ताह के भीतर दूसरी बार बड़ी मात्रा में अवैध लकड़ी जब्त
- अवैध कटाई व भंडारण मामले में घिरा वन विभाग

सूचना मिलने पर एसडीएम रवि सिंह के निर्देश पर तहसीलदार विपिन पटेल, राजस्व निरीक्षक एवं पटवारी की टीम ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की। टीम ने एक निजी भूमि की बाउंड्रीवाल के भीतर रखी अनुमानित 43 ट्रैक्टर अर्जुन प्रजाति की लकड़ी का पंचनामा बनाकर जप्ती की कार्रवाई की।

स्थानीय लोगों का दावा है कि यह लकड़ी उन्हीं आरा मिल संचालकों से जुड़ी बताई जा रही है, जिनके यहां एक सप्ताह पहले बड़ी मात्रा में सरई के गोले बरामद हुए थे। लगातार दूसरी बार भारी मात्रा में लकड़ी मिलने के



बावजूद वन विभाग की भूमिका पर सवाल उठ रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि वन विभाग की मिलीभगत के बिना इतनी बड़ी मात्रा में पेड़ों की कटाई और अवैध भंडारण संभव नहीं है। उनका कहना है कि जिस विभाग पर जंगलों और हरे-भरे पेड़ों की सुरक्षा की जिम्मेदारी है, वहीं के कुछ अधिकारी-कर्मचारी लकड़ी माफियाओं को संरक्षण दे रहे हैं। लोगों का कहना है कि जब रक्षक ही भक्षक बन जाए तो न्याय की उम्मीद करना कठिन हो जाता है। शिकायतकर्ता आरोप है कि अवैध कटाई और लकड़ी तस्करी की कई शिकायतों के बावजूद अब तक केवल खानापूर्ति की गई है। उनका यह भी कहना है कि अभी भी आरा मील में बड़ी मात्रा में अवैध इमारती लकड़ी का भंडारण है, जिसकी जांच तक नहीं की जा रही। इस संबंध में प्रधान मुख्य वन संरक्षक (पीसीसीएफ), मुख्य वन संरक्षक (सीसीएफ) तथा डीएफओ ,अभनपुर विधायक को लिखित शिकायत सौपी गई है।

### ठोस कार्रवाई करें : विधायक इंद्रकुमार

मामले को लेकर अभनपुर विधायक इन्द्रकुमार साहू ने भी प्रधान मुख्य वन संरक्षक से दूरभाष पर चर्चा कर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि अभनपुर क्षेत्र में इतनी बड़ी मात्रा में अवैध लकड़ी मिलने के बावजूद ठोस कार्रवाई नहीं होना गंभीर विषय है तथा पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए।

### वैधानिक कार्रवाई की जा रही : एसडीओ

इस संबंध में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) रवि सिंह ने बताया कि ग्राम आमनेर में एक निजी व्यक्ति की भूमि पर बाउंड्रीवाल के भीतर रखी अनुमानित 43 ट्रैक्टर लकड़ी का पंचनामा तैयार कर जप्ती की गई है। प्रकरण दर्ज कर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

# पौधे लगाने व सहेजने पर छात्रों को मिलेंगे 10 अंक अतिरिक्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा

पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सराहनीय मिसाल पेश करते हुए ब्लाक के यूनिवर्सल पब्लिक स्कूल, सारागांव में पिछले आठ वर्षों से एक अनोखी परंपरा निभाई जा रही है। संस्था द्वारा पर्यावरण की रक्षा के उद्देश्य से पौधे लगाने और उनका रखरखाव करने वाले छात्र-छात्राओं को वार्षिक परीक्षा में 10 अतिरिक्त अंक देने का निर्णय लिया गया है। विद्यालय के लगभग 750 विद्यार्थी हर वर्ष इस अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं। बीते सालों में बच्चों द्वारा रोपे गए अधिकांश पौधे अब विशाल वृक्ष का रूप ले चुके हैं, जो इस पहल की सफलता को दर्शाता है।

**प्रकृति के प्रति आत्मीयता और जिम्मेदारी का बोध कराना है उद्देश्यः** प्रिंसिपल आर. एम. भगत ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि संस्था का मुख्य ध्येय विद्यार्थियों में प्रकृति के प्रति आत्मीयता और सामाजिक जिम्मेदारी का बोध कराना है। उनका मानना है कि किताबी ज्ञान के साथ-साथ भावी पीढ़ी को पर्यावरण के प्रति सजग बनाना समय की मांग है। वहीं, स्कूल के डायरेक्टर भागवत साहू ने कहा कि यह प्रयोग बच्चों को व्यावहारिक धरातल पर प्रकृति से जोड़ने और उनमें संवेदनशीलता विकसित करने का बेहतरीन जरिया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि बच्चों द्वारा लगाए गए पौधों की स्कूल प्रशासन द्वारा समय-समय पर सतत निगरानी की जाती है। बेहतर देखभाल करने वाले छात्रों को ही मूल्यांकन के आधार पर बोनस अंक देकर सम्मानित किया जाता है। इस हरित अभियान के तहत छात्र-छात्राओं को आम, जामुन, अमरूद, नींबू, आंवला, करौंदा, कदंब, करंज, मुनगा, गुलमोहर, शहतूत और कचनार जैसे उपयोगी फलदार व छायादार पौधे वितरित किए गए। उत्साह से लबरेज बच्चे इन पौधों को अपने घर के आंगन, बाड़ी, गांव के मुख्य चौराहों, तालाब के घाटों और खेतों की मेढ़ों पर रोप रहे हैं।



## समोदा में मनोनीत पार्षदों ने ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

आरंग विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले नगर पंचायत समोदा में आयोजित मनोनीत पार्षदों (एल्डरमैन) के शपथ ग्रहण समारोह में कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए और सभी नवनियुक्त एल्डरमैनों को नवीन दायित्व के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। एसडीएम अभिलाषा पैकरा ने मनोनीत एल्डरमैन राजाराम साहू, खिलावन निषाद तथा रोशन साहू को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने कहा कि समोदा नगर निरंतर विकास पथ पर अग्रसर है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने समोदा की पावन धरा से करोड़ों रुपये के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन कर क्षेत्र को ऐतिहासिक सौगात दी थी। इन विकास कार्यों से क्षेत्र की आधारभूत सुविधाएं सशक्त होंगी और नागरिकों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आएगा। उन्होंने सभी नवनियुक्त एल्डरमैनों को जनसेवा, सुशासन और विकास के संकल्प के साथ कार्य करते हुए समोदा को प्रगति एवं समृद्धि की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की मंगलकामनाएं दीं। इस अवसर पर नगर पंचायत समोदा के अध्यक्ष छोटे लाल सोनकर, उपाध्यक्ष अंगेश्वर देवांगन, पार्षदगण सहित भाजपा मंडल के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधिगण, कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## गुखेरा में माता पहुंचनी पर किया भव्य जलाभिषेक, श्रद्धालु उमड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग



ग्राम पंचायत गुखेरा में गुरुवार को अपार भव्यता, श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ पारंपरिक 'माता पहुंचनी' कार्यक्रम का गरिमामय आयोजन हुआ। तड़के से ही माता के दर्शन और जलाभिषेक के लिए दूर-दराज के गांवों से श्रद्धालुओं का विशाल जनसैलाब उमड़ पड़ा। लोक आस्था का केंद्र बनी माता रानी के दरबार में भक्तों ने चुनरी, श्रीफल और विशेष भोग-प्रसाद अर्पित कर मनोकामनाएं मांगीं। मान्यता है कि यहां सच्चे मन से मांगी गई हर मनोकामना पूर्ण होती है, जिसके चलते ग्रामीण इस आयोजन को पूरे साल का सबसे बड़ा त्योहार मानकर हर्षोल्लास से मनाते हैं। इस पावन अवसर पर भव्य मड़ई मेले का भी आयोजन किया गया, जहां बच्चों और युवाओं के लिए विभिन्न प्रकार के झूले, मीठा-नमकीन, फैंसी बाजार तथा मनोरंजन के साधन मुख्य आकर्षण का केंद्र रहे। ग्राम पंचायत की सरपंच रेवती पुरुषोत्तम सोनवानी ने बताया कि माता पहुंचनी और मड़ई मेले में संपूर्ण क्षेत्रवासियों की उल्लेखनीय एवं बढ़-चढ़कर सहभागिता देखने को मिली। इस धार्मिक एवं सांस्कृतिक पर्व को सुचारू और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने में स्थानीय उपसरपंच गंगा घासीराम कुर्रे, पंचगण पार्वती रेखराज देवांगन, कुशाल देवांगन, गुलस्पा पुरुषोत्तम रात्रे, डेविड ढीढ़ी, बूगाला दशरु कुर्रे, सनत कुमार बघेल, केवरा भोला यादव, रोहित बघेल, गोवर्धन करकेल, गायत्री दीनदयाल कुर्रे सहित समस्त ग्रामीणों तथा पुलिस प्रशासन का विशेष एवं सराहनीय सहयोग रहा।



## गुप्त नवरात्रि की पूर्णाहुति पर भजन संध्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर


मठपुरैना वाटर फिल्टर प्लांट परिसर पर स्थित सर्व सिद्ध श्री हनुमान मंदिर में गुप्त नवरात्रि की पूर्णाहुति में शीतला माता जुड़वास का आयोजन किया गया, जिसमें श्री शक्ति मानस और जससेवा भजन मंडली ने भजन संध्या में गुरुवार को जसगीतों की शानदार प्रस्तुति दी। संध्या उपाध्याय, गिरिजा सोनी, लीला साहू, बसंती मानिकपुरी और रेखा आदि बहनों जसगीतों के माध्यम से माता की महिमा गई। प्रसिद्ध भजन गायक रज्जू ठाकुर ने तुकाराम ध्रुव के तबला वादन में मइया के कारण भोला के चेत हरागे... और सुर दे माता सरस्वती... सहित दर्जनों भजन सुनाकर श्रोताओं को भाव विभोर किया। मंदिर समिति के अध्यक्ष मोहनलाल साहू और सोमनाथ निषाद और डीडी साहू ने बताया कि गुप्त नवरात्रि के उपलक्ष्य में आयोजत कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। मंदिर में सावन महीने में एक मास का श्रीरामचरितमानस पाठ का आयोजन किया जाएगा। इसकी तैयारी मंदिर में शुरू कर दी गई है। कार्यक्रम में राजकुमार धीवर, किशोर गुरुजी ने विशेष प्रस्तुति माता का यशगान किया। श्रीमती संध्या उपाध्याय ने माता का यशगान अपनी विशेष रैली से की। कार्यक्रम नीलकंठ सारथी, रामू सारथी का विशेष योगदान रहा।

## आसपास के गांवों को शामिल करने की उठी मांग

# आरंग पालिका के सीमा विस्तार से आधा दर्जन गांवों का होगा विकास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग।

नगर पालिका परिषद आरंग की सीमा का विस्तार कर आसपास के निकटवर्ती गांवों को नगर पालिका क्षेत्र में शामिल किए जाने की मांग एक बार फिर जोर पकड़ने लगी है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि आरंग शहर से महज दो-तीन किलोमीटर की परिधि में स्थित गांवों को नगर पालिका में शामिल करने से न केवल शहर का सुनियोजित और समग्र विकास होगा, बल्कि इन गांवों के लोगों को भी बेहतर मूलभूत एवं शहरी सुविधाओं का लाभ मिल सकेगा। जानकारी के अनुसार, पूर्व मंत्री डॉ. शिव कुमार डहरिया के कार्यकाल में नगर विस्तार की आवश्यकता को देखते हुए ग्राम बैहार, घुमराभाटा और ओड़का को नगर पालिका परिषद आरंग में शामिल किया गया था। इसके बाद नगर पालिका में वार्डों की संख्या 15 से




बढ़कर 17 हो गई और नगर की आबादी भी बढ़कर करीब 22 हजार से अधिक हो गई। अब नगर से सटे अन्य गांवों को भी नगर पालिका सीमा में शामिल करने की मांग उठ रही है। इनमें आरंग विधानसभा क्षेत्र के ग्राम खमतराई, कलई, अमेठी, बेनीडीह, राटाकाट और पारागांव प्रमुख हैं। इसके अलावा पधी और छोटे अकोली गांव अभनपुर विधानसभा क्षेत्र में स्थित हैं।

### बुनियादी सुविधाओं का बेहतर विकास होगा

इन सभी गांवों की कुल आबादी करीब पांच हजार के आसपास बताई जा रही है। स्थानीय लोगों का मानना है कि इन गांवों के नगर पालिका क्षेत्र में शामिल होने से सड़क, नाली, पेयजल, स्ट्रीट लाइट, स्वच्छता, स्वास्थ्य सहित अन्य बुनियादी सुविधाओं का बेहतर विस्तार किया जा सकेगा। साथ ही आरंग की बढ़ती आबादी और विस्तारित क्षेत्र को देखते हुए शासकीय विभागों के कार्यालय, नए स्कूल-कॉलेज, औद्योगिक इकाइयों और अन्य विकास परियोजनाओं की स्थापना की संभावनाएं भी बढ़ सकती हैं। जानकारों के अनुसार, किसी ग्राम पंचायत को नगर पालिका क्षेत्र में शामिल करने के लिए निर्धारित प्रशासनिक एवं वैधानिक प्रक्रिया का पालन किया जाता है। इसमें संबंधित ग्राम पंचायत के प्रस्ताव सहित अन्य आवश्यक प्रक्रियाओं के बाद शासन स्तर पर अंतिम निर्णय लिया जाता है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि यदि समय रहते नगर पालिका आरंग की सीमा का विस्तार किया जाता है, तो आने वाले वर्षों में आरंग को एक बेहतर नियोजित और विकसित शहर के रूप में विकसित करने में मदद मिल सकती है। इससे शहर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के बीच विकास का अंतर कम होगा तथा हजारों लोगों को शहरी सुविधाओं का सीधा लाभ मिल सकेगा।

# राज्य नेहरू हॉकी का समोदा की बेटियां करेंगी प्रतिनिधित्व

**आरंग।** स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय समोदा की 17 वर्ष बालिका वर्ग की टीम पहली बार 26वीं राज्य स्तरीय नेहरू हॉकी प्रतियोगिता वर्ष 2026-27 में रायपुर जोन का प्रतिनिधित्व करेगी। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता 26 से 30 जुलाई तक जशपुर नगर में आयोजित होगी। विद्यालय में खेल मैदान सहित मूलभूत खेल सुविधाओं के अभाव के बावजूद छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में स्थान बनाया है। इस उपलब्धि पर शाला विकास समिति के सदस्यों, विकासखंड शिक्षा अधिकारी दिनेश शर्मा, प्राचार्य शैलेन्द्र कुमार पटले, वरिष्ठ शिक्षक आज्ञाराम ठाकुर, टीपू लाल वर्मा, श्रीमती खुशबू जलक्षत्री, सुधा वर्मा, हिमानी निषाद, स्मिता साय, विकासखंड खेल अधिकारी राकेश कुमार प्रधान, हॉकी कोच



अंथ्रेस मिंज एवं समस्त शिक्षकवृंद ने खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल होने वाली खिलाड़ियों में प्राची कोल, श्रद्धा साहू, फाल्गुनी साहू, मेघा साहू, गीतिका साहू, विधि साहू, गंगा साहू, जमुना साहू, जानवी यादव, मुग्धा साहू, वसुंधरा साहू, रेमा साहू, वंदना साहू, योगेश्वरी साहू, लक्ष्मी साहू एवं रेणुका साहू शामिल हैं।

# टेक्सटाइल सेक्टर को बड़ा प्रोत्साहन : 5,525 करोड़ रुपए के निवेश पर सरकार का दांव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ सरकार ने राज्य को टेक्सटाइल एवं गारमेंट उद्योग का नया केंद्र बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। राज्य सरकार ने दो अलग-अलग विशेष निवेश प्रोत्साहन पैकेज (बेस्पोक पैकेज) जारी कर टेक्सटाइल क्षेत्र में कुल 5,525 करोड़ रुपये के निवेश और करीब 27 हजार 500 प्रत्यक्ष रोजगार का रास्ता साफ कर दिया है।


इनमें मेसर्स नरोल टेक्सटाइल इन्फ्रास्ट्रक्चर एंड एनवायरो मैनेजमेंट की 5 हजार करोड़ रुपये की एकीकृत टेक्सटाइल पार्क परियोजना तथा मेसर्स सरवाना मिल्स लिमिटेड की 525 करोड़ रुपये की वस्त्र निर्माण इकाई शामिल है। दोनों परियोजनाओं को पूंजी निवेश, बिजली, ब्याज, ईपीएफ, रोजगार और प्रशिक्षण सहित कई वित्तीय रियायतें दी गई हैं।

### राज्य में विकसित होगा इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल इकोसिस्टम

वाणिज्य एवं उद्योग विभाग की ओर से जारी दो अलग-अलग आदेश के मुताबिक छत्तीसगढ़ औद्योगिक विकास नीति 2024-30 के तहत जारी किया गया है। इनमें पहला पैकेज एनटीआईईएम को निजी औद्योगिक पार्क विकसित करने और उससे जुड़े सदस्य उद्योगों के माध्यम से एकीकृत टेक्सटाइल क्लस्टर स्थापित करने के लिए दिया गया है। इस परियोजना में लगभग 5 हजार करोड़ रुपये के निवेश और 25 हजार रोजगार का लक्ष्य रखा गया है। वहीं, दूसरा पैकेज सरवाना मिल्स लिमिटेड के लिए है, जो कताई, बुनाई, गारमेंटिंग, प्रिंटिंग और कढ़ाई सहित एकीकृत वस्त्र विनिर्माण इकाई स्थापित करेगी। इस परियोजना में 525 करोड़ रुपये के निवेश और 2,500 रोजगार का प्रस्ताव है।

## साढ़े 27 हजार रोजगार का लक्ष्य

नरोल टेक्सटाइल और सरवाना मिल्स को प्रोत्साहन पैकेज



### दोनों परियोजनाओं को मिलेगा विशेष प्रोत्साहन

एनटीआईईएम परियोजना को 50 प्रतिशत तक स्थायी पूंजी निवेश अनुदान, सात वर्षों तक 5 प्रतिशत ब्याज अनुदान, सात वर्षों तक ईपीएफ अंशदान पर 75 प्रतिशत सहायता, रोजगार सृजन अनुदान तथा हरित ऊर्जा पर 10 वर्षों तक बिजली अनुदान मिलेगा। दूसरी ओर, सरवाना मिल्स को 40 प्रतिशत स्थायी पूंजी निवेश अनुदान (अधिकतम 310 करोड़ रुपये), 12 वर्षों तक विद्युत शुल्क में छूट, स्टाम्प शुल्क से छूट, भूमि पंजीयन शुल्क की प्रतिपूर्ति, भू-व्यपवर्तन शुल्क में 50 प्रतिशत छूट, नए बिजली कनेक्शन शुल्क की 50 प्रतिशत प्रतिपूर्ति, पांच वर्षों तक ईपीएफ प्रतिपूर्ति, सात वर्षों तक रोजगार सृजन अनुदान, अनुसंधान एवं विकास के लिए प्लांट एवं मशीनरी पर 25 प्रतिशत अनुदान तथा सात वर्षों तक ब्याज अनुदान जैसी सुविधाएं मिलेंगी।

### महिलाओं के रोजगार पर विशेष जोर

दोनों पैकेजों में महिला रोजगार को बढ़ावा देने के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं। पुरुष कर्मचारियों के लिए प्रति माह 5 हजार रुपये और महिला कर्मचारियों के लिए 6 हजार रुपये प्रति माह का रोजगार सृजन अनुदान निर्धारित किया गया है। साथ ही छत्तीसगढ़ के मूल निवासियों के प्रशिक्षण पर प्रति कर्मचारी अधिकतम 15 हजार रुपये तक प्रशिक्षण प्रतिपूर्ति का प्रावधान भी किया गया है।

### प्रदर्शन के आधार पर मिलेगा अनुदान

दोनों परियोजनाओं में पूंजी निवेश अनुदान को टर्नओवर और रोजगार से जोड़ा गया है। निर्धारित लक्ष्य के 80 प्रतिशत से अधिक टर्नओवर पर पूर्ण अनुदान मिलेगा, जबकि लक्ष्य कम होने पर अनुदान भी घटता जाएगा। इसी प्रकार अधिक रोजगार देने वाली इकाइयों को अधिक रोजगार गुणांक का लाभ मिलेगा।

### स्थानीय युवाओं को रोजगार देना अनिवार्य

दोनों अधिसूचनाओं में स्पष्ट किया गया है कि पैकेज का लाभ तभी मिलेगा जब न्यूनतम 1,000 लोगों को स्थायी रोजगार दिया जाएगा और वाणिज्यिक उत्पादन 31 मार्च 2030 से पहले शुरू होगा। साथ ही पहले वर्ष में कम से कम 50 प्रतिशत, तीन वर्षों में 75 प्रतिशत तथा पांच वर्षों के भीतर 90 प्रतिशत रोजगार छत्तीसगढ़ के मूल निवासियों को देना अनिवार्य होगा।

### टेक्सटाइल हब बनने की दिशा में बड़ा कदम

सरकार का मानना है कि इन दोनों परियोजनाओं से राज्य में कपड़ा उद्योग की पूरी मूल्य श्रृंखला (वैल्यू चेन) विकसित होगी। निजी औद्योगिक पार्क, एकीकृत वस्त्र निर्माण इकाइयों, हरित ऊर्जा उपयोग और बड़े पैमाने पर स्थानीय रोजगार के माध्यम से छत्तीसगढ़ राष्ट्रीय टेक्सटाइल निवेश मानचित्र पर अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा सकेगा।

## खबर संक्षेप



### लोकमान्य तिलक और आजाद की मनाई जयंती

**रायपुर।** कान्यकुब्ज सभा शिक्षा मंडल द्वारा आशीर्वाद भवन में गुरुवार को लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक एवं महान क्रांतिकारी चंद्रशेखर आज़ाद की जयंती श्रद्धा, सम्मान एवं राष्ट्रभक्ति के भाव के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ सभा के अध्यक्ष सुरेश मिश्रा द्वारा दोनों महान विभूतियों के चित्रों पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। कार्यक्रम के प्रमुख वक्ता एवं पूर्व विधायक वीरेंद्र पांडे ने अपने ओजस्वी एवं प्रेरणादायी संबोधन में लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक के स्वराज्य आंदोलन में योगदान तथा अमर शहीद चंद्रशेखर आज़ाद के अदम्य साहस, त्याग और राष्ट्रभक्ति का विस्तृत वर्णन करते हुए कहा कि ऐसे महापुरुषों का जीवन आज भी देश की युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत है। कार्यक्रम में संजय अवस्थी, राजकुमार दीक्षित, सुरेश मिश्रा, राजकुमार दीक्षित, संजय अवस्थी, गौरव शुक्ला, विकास तिवारी, आशीष बाजपेयी, राघवेन्द्र पाठक, राजकुमार अवस्थी, प्रकाश अवस्थी, रमेश तिवारी, आरके दीक्षित, जेपी मिश्रा, एसएस त्रिवेदी, सत्यदेव तिवारी, गोपाल मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

### अंजिनेश बने बालोद जिला प्रभारी

**रायपुर।** भाजयुमो प्रदेश सह-प्रमुख विधि एवं तकनीक, उच्च न्यायलय अधिवक्ता अंजिनेश अंजय शुक्ला को जिला बालोद प्रभारी का दायित्व दिया गया। यह नियुक्ति भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव एवं प्रदेश महामंत्री अखिलेश सोनी के अनुशंसा पर भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिहा के आदेश पर किया गया। यह दायित्व संगठनात्मक कार्य में उत्कृष्ट भूमिका निभाने के लिए प्रदान किया गया है। इस नियुक्ति से भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला बालोद निवासरत युवाओं में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है।



### जागृति बहू मंडल ने स्कूली बच्चों को बांटी कॉपी



**रायपुर।** मिशन उत्कर्ष योजना के अंतर्गत जागृति बहू मंडल द्वारा शासकीय मीडिल प्राइमरी स्कूल विवेकानंद नगर में विद्यार्थियों के बीच नोटबुक का वितरण किया गया। इस अवसर पर मंडल की सदस्यों ने बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई करने, नियमित विद्यालय आने तथा शिक्षा के महत्व को समझने के लिए प्रेरित करते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की। यह सेवा कार्य स्व. अमरी देवी बरड़िया की पुण्यतिथि की पावन स्मृति में जागृति बहू मंडल की सदस्या रितु बरड़िया के सौजन्य से संपन्न हुआ, जिनके द्वारा सभी विद्यार्थियों के लिए नोटबुक उपलब्ध कराई गईं। मंडल ने भविष्य में भी जरूरतमंद विद्यार्थियों के हित में ऐसे सामाजिक एवं शैक्षणिक सेवा कार्य निरंतर जारी रखने का संकल्प व्यक्त किया।

दीपक बैज, एआईसीसी सचिव एस. संपत, जरिता लेफ्तलांग, मलकीत सिंह, सुशील आनंद शुक्ला भी पहुंचे

# कांग्रेसियों का खम्हारडीह थाने के बाहर धरना, एफआईआर वापस लेने और भाजपा नेताओं पर केस दर्ज करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भाजपा के कांग्रेस कार्यालय घेराव के दौरान हुए विवाद को लेकर सियासत तेज हो गई हैं। कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं के खिलाफ दर्ज एफआईआर के विरोध में बड़ी संख्या में कांग्रेसी खम्हारडीह थाना पहुंचे और थाने के बाहर धरने पर बैठ गए हैं। धरने में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज भी पहुंचे। कांग्रेस नेताओं ने पुलिस से कांग्रेस कार्यकर्ताओं के खिलाफ दर्ज एफआईआर वापस लेने की मांग की है। साथ ही भाजपा नेताओं और मंत्रियों के खिलाफ भी एफआईआर दर्ज करने की मांग की जा रही है।

दरअसल, भाजपा की ओर से राजीव भवन घेराव के दौरान हुई झड़प को लेकर कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं पर पत्थरबाजी का आरोप लगाया गया है। झड़प में कई पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। मामले में पुलिस ने कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। इसके विरोध में कांग्रेस ने खम्हारडीह थाने के बाहर धरना प्रदर्शन किया। कांग्रेसियों का आरोप है कि कार्रवाई एकतरफा की गई है। प्रदर्शनकारियों ने मांग की है कि पूरे घटनाक्रम की निष्पक्ष जांच कराई जाए और कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर दर्ज एफआईआर वापस ली जाए। पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज सैकड़ों कांग्रेस जनों के साथ अभी भी धरने पर एआईसीसी सचिव एस संपत, जरिता लेफ्तलांग, मलकीत सिंह गैदू, संचार प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला, एजाज ढेबर, पंकज शर्मा, श्रीकुमार मेनन, पप्पू बंजारे शामिल थे।





### कांग्रेसी थाना के सामने सड़क पर बैठे

बीजेपी नेताओं के खिलाफ काउंटर एफआईआर दर्ज कराने की मांग को लेकर खम्हारडीह पहुंचे कांग्रेस नेता एफआईआर दर्ज नहीं करने से नाराज हैं। थाना के सामने प्रदर्शन करने के बाद सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता तथा उनके नेता थाना के सामने बीच सड़क पर धरने पर बैठ गए हैं। चर्चा है कि भापपा नेताओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज नहीं होने पर कांग्रेसी थाना के सामने सड़क पर टेंट लगाकर धरना देने की तैयार कर रहे हैं।

### भाजपा नेताओं पर कार्यकर्ताओं को उकसाने का आरोप

ज्ञापन में यह भी कहा गया है कि भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, उप-मुख्यमंत्री अरूण साय, पूर्व मंत्री राजेश मूणत, मंत्री ओपी चौधरी, विधायक पुरन्दर मिश्रा, भाजयुमो अध्यक्ष राहुल टिकरिहा आदि भाजपा के कार्यकर्ता घटना स्थल पर मौजूद थे और उक्त नेताओं ने भाजपा कार्यकर्ताओं को राजीव भवन में हमला करने, पत्थरबाजी करने और गाली-गलौच करने तथा क्षति पहुंचाने के लिए उकसा रहे थे।

### राजीव भवन में पत्थर फेंकने से कई कांग्रेस कार्यकर्ता घायल

खम्हारडीह थाना प्रभारी को सौंपे गए ज्ञापन में कांग्रेस ने कहा, रोज की तरह अपने कार्यालय में संगठन के कार्य में व्यस्त थे, तभी अचानक माइक के माध्यम से जोर-जोर से चिल्लाने की आवाज सुनाई दी। हम सभी लोग जब बाहर गए तो हमने देखा कि बाहर सड़क पर बैरिकैड किया हुआ है, जहां पर भाजपा एवं भाजयुमो के कार्यकर्ता अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए राजीव भवन की ओर इशारा करते हुए और जोर-जोर से अश्लील गालियां देने लगे, फिर अचानक से उधर से छाता, चप्पल, पत्थर, पानी पाउच, पानी बोतल हम लोगों के उपर फेकने लगे, जिसके कारण हमारे बहुत से कार्यकर्ता घायल हो गए। उसके बाद हमने देखा कि भाजपा कार्यकर्ताओं ने बैरिकैड तोड़कर पुलिस वालों पर भी फेंके, जिससे पुलिसवालों को भी चोटें आई हैं।



### शहर के 12 ब्लॉकों में कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन, पुतला दहन एवं धरना

*अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के आह्वान पर आज रायपुर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन के नेतृत्व में शहर के सभी 12 ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों द्वारा एक दिवसीय ब्लॉक स्तरीय विरोध प्रदर्शन, धरना एवं केंद्र सरकार का पुतला दहन किया गया। प्रदर्शन के माध्यम से कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नई दिल्ली में छात्रों, कांग्रेस नेताओं एवं शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों के साथ हुई पुलिस कार्रवाई का कड़ा विरोध करते हुए केंद्र सरकार की दमनकारी नीतियों के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन ने कहा, केंद्र की भाजपा सरकार लोकतांत्रिक मूल्यों को लगातार कमजोर करने का कार्य कर रही है। छात्रों, युवाओं और विपक्ष की आवाज को पुलिस बल के माध्यम से दबाने का प्रयास किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए चिंताजनक है। शहर के कन्हैया लाल बाजारी ब्लॉक गुढ़ियारी, सरदार वल्लभभाई पटेल ब्लॉक विवेकानंद आश्रम,शहीद भगत सिंह ब्लॉक आमा नाका, लेफ्टिनेंट अरविंद दीक्षित ब्लॉक राजीव गांधी चौक, खूबचंद बघेल ब्लॉक कुशालपुर रिंग रोड, महंत लक्ष्मी नारायण दास ब्लॉक आजाद चौक,संत कबीर दास ब्लॉक मोवा,शहीद पंकज विक्रम ब्लॉक पुजारी पार्क,संत माता कर्मा ब्लॉक लालपुर,वीरांगना अवंती बाई ब्लॉक फाफाडीह, गुरु घासीदास ब्लॉक शंकर नगर चौक, जवाहरलाल नेहरू ब्लॉक मौदहापारा सभी स्थानों पर बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता, युवा एवं छात्र उपस्थित रहे।*

# राज्य में डिजिटल नवाचारों से सुशासन हो रहा सशक्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग छत्तीसगढ़ शासन के सचिव अंकित आनंद एवं सीईओ चिप्स मयंक अग्रवाल ने विभागीय गतिविधियों एवं उपलब्धियों पर कहा, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा डिजिटल नवाचारों के माध्यम से सुशासन सशक्त हो रहा है। उन्होंने कहा, तकनीक आधारित विकास में छत्तीसगढ़ बन रहा है अग्रणी राज्य सेवा सेतु, भारतनेट, एआई और डिजिटल कनेक्टिविटी से नागरिकों को अधिक सुगम सेवाएं मिल रही है। शासन का इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग राज्य में डिजिटल सुशासन को नई दिशा प्रदान करने के लिए निरंतर कार्यरत है । नागरिक-केंद्रित सेवाओं के विस्तार, डिजिटल अधोसंरचना के सुदृढ़ीकरण, एआई, साइबर सुरक्षा एवं नवाचार आधारित शासन व्यवस्था के माध्यम से राज्य में तकनीक-संचालित प्रशासन को नई गति मिली है।

**सेवा सेतु पोर्टल में 35 विभागों की 564 सेवाएं उपलब्ध**

उन्होंने बताया कि सेवा सेतु बना नागरिक सेवाओं का सबसे बड़ा डिजिटल मंच सेवा सेतु राज्य की सबसे बड़ी एकीकृत डिजिटल नागरिक सेवा पहल के रूप में स्थापित हुआ है। 29 अप्रैल को मुख्यमंत्री द्वारा इसका उन्नत संस्करण प्रारम्भ किया गया। वर्तमान में नागरिकों के लिए इस पोर्टल में 35 विभागों की 564 सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

### वनांचल एवं आदिवासी क्षेत्रों तक मोबाइल कनेक्टिविटी का तेजी से विस्तार

उन्होंने बताया कि दूरस्थ क्षेत्रों तक मोबाइल कनेक्टिविटी का तेजी से विस्तार किया जा रहा है। डिजिटल भारत निधि के अंतर्गत आकांक्षी जिला, एलडब्लूई फेज II तथा 4जी सैचुरेशन योजनाओं के माध्यम से गांवों में मोबाइल नेटवर्क का विस्तार किया जा रहा है। अब तक 1273 मोबाइल टावर ऑन-एयर किए जा चुके हैं। भारतनेट फेज-III के माध्यम से ग्राम पंचायतों को उच्च गुणवत्ता वाले ब्रॉडबैंड नेटवर्क से जोड़ा जाएगा। इस महत्वाकांक्षी परियोजना के लिए भारत सरकार से 3,928 करोड़ की स्वीकृति प्राप्त हुई है।

कार्यशाला

# रविदास जयंती पर भाजपा के प्रदेश में होंगे कई कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारतीय जनता पार्टी के कुशाभाऊ ठाकरे परिसर स्थित प्रदेश कार्यालय में गुरुवार संत शिरोमणि रविदास महाराज की 650वीं जयंती पर प्रदेश में कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रमों और अभियानों की रूपरेखा तैयार करने हेतु एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में संत रविदास के विचारों, सामाजिक समरसता के संदेश और उनके जीवन दर्शन को जन-जन तक पहुंचाने के लिए प्रस्तावित कार्यक्रमों को अंतिम रूप दिया गया।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने कहा, संत रविदास ने अपने विचारों और शिक्षा के माध्यम से समाज से भेदभाव को मिटाकर समरसता का संदेश दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में वाराणसी में संत रविदास का भव्य स्मारक आकार ले रहा है, जो उनकी विरासत को सहेजने का ऐतिहासिक कार्य है। इस उपलक्ष्य में भाजपा की एक विशेष टीम 27 तारीख को वाराणसी जाकर वहां से कलश में पवित्र माटी एवं जल लेकर छत्तीसगढ़ आएगी। इस पवित्र जल और माटी को प्रदेश के सभी प्रमुख देव स्थलों और मंदिरों में ले जाया जाएगा, जहां विशेष सांस्कृतिक व धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा।

भाजपा राष्ट्रीय प्रवक्ता गुरु प्रकाश पासवान ने बताया वाराणसी स्थित संत रविदास के भव्य स्मारक स्थल से 27 तारीख को कलश में लाई जाने वाली पवित्र माटी और जल छत्तीसगढ़ के कोने-कोने में पहुंचेगा। भाजपा के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने कहा, पार्टी का यह अभियान केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि संत रविदास के विचारों को हर घर तक पहुंचाने का संकल्प है। भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय ने जानकारी देते हुए कहा, पार्टी इस अवसर पर प्रदेशभर में विविध कार्यक्रमों की श्रृंखला चलाएगी। उन्होंने कहा, सभी जिलों में 25, 26, 27 जुलाई तक कार्यशाला होगी। सभी ज़िलों और मंडलों में कार्यकर्ताओं की सहभागिता से इन विशेष कार्यक्रमों को ऐतिहासिक बनाया जाएगा। कार्यशाला में प्रदेश महामंत्री डॉ. नवीन मार्कंडेय, कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा, शंकर अग्रवाल, श्रीमती रंजना साहू, डॉ. सनम जांगड़े, हरिनाथ खुटे, संतोष दास, ध्रुव कुमार मिर्धा, खेमराज बाकरे सहित समिति के पदाधिकारी उपस्थित थे।

### सड़क सुरक्षा के लिए आईआईटी मद्रास के साथ एमओयू

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ शासन के परिवहन विभाग एवं भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, मद्रास के सड़क सुरक्षा उत्कृष्टता केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को रायपुर में डेटा-आधारित हाइपरलोकल इंटरवेंशन विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वन, परिवहन, आवास एवं पर्यावरण तथा सहकारिता मंत्री केदार कश्यप थे। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ शासन एवं आईआईटी मद्रास के बीच कार्यक्रम के क्रियान्वयन हेतु समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इस साझेदारी का उद्देश्य राज्य में सड़क दुर्घटनाओं में वैज्ञानिक एवं डेटा-आधारित दृष्टिकोण से कमी लाना है।

# जल जीवन मिशन पर मुख्य सचिव का निर्देश- पूर्ण योजनाओं का 31 अगस्त तक भौतिक सत्यापन करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



मुख्य सचिव विकासशील ने सभी कलेक्टरों को निर्देश दिए कि प्रत्येक जिले में मिशन मोड में कार्य करते हुए स्पष्ट कार्ययोजना तैयार की जाए। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायतों की सक्रिय भागीदारी से योजना का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। प्रत्येक माह जल जीवन मिशन की प्रगति की समीक्षा करें। बैठक में मुख्य सचिव ने पूर्ण हो चुकी और हस्तांतरित योजनाओं के भुगतान की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि जिन योजनाओं का कार्य पूर्ण हो चुका है, उनका 31 अगस्त तक भौतिक सत्यापन कर भुगतान सुनिश्चित किया जाए।

मुख्य सचिव की अध्यक्षता में गरुवार को मंत्रालय महानदी भवन में राज्य के सभी जिलों के कलेक्टरों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हर घर नल (जल जीवन मिशन) की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। उन्होंने कहा है कि जिन योजनाओं का कार्य अधूरा है, उन्हें 31 दिसंबर तक हर हाल में पूर्ण कर लिया जाए। उन्होंने कहा कि सभी योजनाओं का शत-प्रतिशत भौतिक सत्यापन किया जाए। उन्होंने कहा कि कार्य में लापरवाही बरतने वाले ठेकेदारों के विरुद्ध कार्रवाई की जाए। मुख्य सचिव ने कहा कि जिला कलेक्टर समयबद्ध तरीके से रनिंग बिलों के भुगतान की प्रक्रिया सुनिश्चित करें, जिससे निर्माण कार्य बाधित नही हो।

### नियमित मॉनिटरिंग करें

मुख्य सचिव विकासशील ने प्रत्येक जिले को हर घर जल के लिए नया लक्ष्य निर्धारित करने एवं गांवों को इकाई मानकर शत-प्रतिशत नल जल कवरेज सुनिश्चित करने तथा जिला जल एवं स्वच्छता समिति की नियमित मासिक बैठक आयोजित करने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बैठक की कार्यवाही का समय पर विभागीय पोर्टल पर अपलोड की जाए तथा जल जीवन मिशन की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित होना चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी कलेक्टर स्पष्ट आकलन, बेहतर योजना और प्रभावी समन्वय के साथ मिशन मोड में कार्य करें, ताकि राज्य के प्रत्येक परिवार को समयबद्ध रूप से हर घर नल से जल उपलब्ध कराया जा सके। वीडियो कॉन्फ्रेंस से आयोजित इस बैठक में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के सचिव मोहम्मद कैसर अब्दुल हक, सभी जिलों के कलेक्टर एवं विभागीय अधिकारी शामिल हुए।

# राष्ट्रीय प्रवक्ता पासवान बोले- राहुल और विपक्ष के लिए सामाजिक न्याय मात्र शब्द, भाजपा के लिए प्रतिबद्धता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता गुरु प्रकाश पासवान ने कहा है, ऐसी शक्तियां हैं जो भारत विरोधी ताकतों के साथ मिलकर भारत को कमजोर करने का प्रयास कर रही हैं। समाज में जाति, भेदभाव के नाम से राजनीति करती हैं, लेकिन भाजपा की प्रतिबद्धता है समाज में एकता सामाजिक समानता, सामाजिक न्याय और समावेशिता। राहुल गांधी और विपक्ष के जितने नेता हैं, उनके लिए सामाजिक न्याय मात्र शब्द ही है, जबकि हमारे लिए प्रतिबद्धता है। इसी प्रतिबद्धता के निमित्त हमारी पार्टी देशव्यापी अभियान शुरू कर रही है। संत गुरु रविदास की 650वीं जन्म जयंती से पूरे देश में यात्रा होगी, पूरे देश में संपर्क होगा और गुरु रविदास के जीवन से जुड़े दर्शन उनके विचारों को हम पूरे देश में लेकर जाने वाले हैं। श्री पासवान ने कहा, सरल बातों में महत्वपूर्ण बातें कैसे कही जाती है, यह हमें गुरु रविदास महाराज बताते हैं। मीरा बाई उनकी शिष्या रही, रामानंद के वे शिष्य रहे, कबीर, रविदास, गुरु नानक हमारे इतिहास के प्रहरी हैं। आज हमें उनसे सीखने की आवश्यकता है। हमारा विचार परिवार है, हमारा दर्शन है, हमारा सांस्कृतिक राष्ट्रवाद है, हमारा सिविलाइजेशन है और उस सिविलाइजेशन कॉन्शसनेस के माध्यम से भाजपा ने बड़ा ही पावन पवित्र काम हाथ में लिया है। श्री पासवान ने बताया कि इस अभियान के तहत पूरे देश में कलश यात्रा निकलेगी, छात्रावास में हम संपर्क करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बाबा साहेब अंबेडकर से जुड़े सभी स्थानों को तीर्थ का दर्जा दिया। उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ की जो टीम है, वह प्रदेश की सभी 36 संगठन जिलों में जाएगी, संपर्क करेगी और समाज में एकता, संवेदनशीलतख व समावेशिता का एक संकल्प लेने का काम भी करेगी। आज पूरे देश में भारत विरोधी ताकतें सक्रिय हो जाती हैं, ऐसे में एक सक्रिय नागरिक होने के नाते सामाजिक समरसता हम सबका दायित्व है और विशेष रूप से भाजपा कार्यकर्ताओं का। पिछले 11 -12 वर्षों में हमने देखा है, सामाजिक न्याय हो समानता हो, पहली बार संविधान के सर्वोच्च स्थान पर आदिवासी की बेटी बैठी है। भाजपा में दलित समाज का मुख्यमंत्री बनता है छत्तीसगढ़ व ओड़िशा में आदिवासी समाज का मुख्यमंत्री बनता है यह एक कमिटमेंट का विषय है प्रतिबद्धता का विषय है वैचारिक मजबूती का विषय है।

# बिना पार्किंग वाले व्यावसायिक परिसरों का होगा सर्वे, आयुक्त ने जोन कमिश्नरों को रिपोर्ट तैयार करने दिए निर्देश

## निगम आयुक्त संबित मिश्रा ने गांधी सदन में ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

रायपुर शहर में नगर निगम बिना पार्किंग वाले व्यावसायिक परिसरों की पड़ताल करेगा। इसके लिए जोन स्तर पर सर्वे कराकर संबंधित जोन कमिश्नर को अलग से सर्वे रिपोर्ट तैयार करनी होगी। खासकर मुख्य मार्गों में बिना पार्किंग व्यवस्था नियम के अनुसार नहीं दिए जाने वाले व्यावसायिक परिसर की कुंडली तैयार होगी। नगर निगम आयुक्त संबित मिश्रा ने गुरुवार को महात्मा गांधी सदन के सामान्य सभागार में आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा बैठक में सभी जोन कमिश्नरों को इस आशय के निर्देश दिए। इसके साथ ही शहर के 70 वार्डों में अवैध निर्माण और अवैध प्लाटिंग के प्रकरणों में स्थलों को चिंहाकित कर नियम अनुसार प्रक्रिया के तहत कार्यवाही करने की हिदायत दी।

गांधी सदन में आयोजित बैठक में निगम आयुक्त ने जोन कमिश्नरों और प्रभारी अधिकारियों को सीएम हेल्प लाइन,मुख्यमंत्री जनदर्शन, कलेक्टर कॉल सेंटर, निदान 1100 सहित जन प्रतिनिधियों से प्राप्त पत्रों और सभी जन शिकायतों का व्यवस्थित रूप से निदान करने निर्देश दिए।



अवैध निर्माण और अवैध प्लाटिंग पर होगी सख्ती

### सितंबर तक संपत्ति कर में 5 फीसदी छूट

*आयुक्त ने नगर निगम के दस जोन के जोन कमिश्नरों और जोन सहायक अधिकारियों से कहा कि नागरिकों को वर्तमान वित्त वर्ष 2026-27 के संपत्तिकर की पूर्ण अदायगी पर दी जा रही संपत्ति कर में 5 फीसदी छूट का लाभ देकर अधिक से अधिक संपत्ति कर वसूली करना सुनिश्चित करें। रायपुर नगर निगम के बड़े बकायादारों से नियम अनुसार प्रक्रिया के तहत सख्ती से बकाया संपत्ति कर वसूली के लिए अभियान चलाया जाए। बैठक में अवैध नल नियमितीकरण के संबंध में सभी वार्डों के नागरिकों को जानकारी देकर योजना का लाभ दिलाने निर्देशित किया। निगम आयुक्त संबित मिश्रा द्वारा ली गई साप्ताहिक टीएल बैठक में अपर आयुक्त लोकेश्वर साहू, पंकज शर्मा, विनोद पांडे, कृष्णा खटिक, मुख्य अभियंता संजय बागड़े, अधीक्षण अभियंता राजेश राठौर, इमरान खान, नगर निवेशक आभाष मिश्रा, सभी उपायुक्त, जोन कमिश्नर, कार्यपालन अभियंता, सहायक अभियंता और सभी विभागों के प्रभारी अधिकारी उपस्थित रहे।*

## खबर संक्षेप



### मुखी संवाद कार्यक्रम 26 को राज्यपाल से की मुलाकात

रायपुर। छग पूज्य सिंधी पंचायत द्वारा 26 जुलाई को जोरा स्थित प्रतिष्ठा द बैंक्वेट हॉल में प्रदेश स्तरीय मुखी संवाद कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस सम्मेलन में प्रदेश की करीब 120 सिंधी पंचायतों के मुखी और पदाधिकारी शामिल होंगे। गुरुवार को छग पूज्य सिंधी पंचायत के पदाधिकारियों ने राजभवन पहुंचकर राज्यपाल रमन डेका से मुलाकात की और कार्यक्रम मुख्य अतिथि के रुप में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। इसी दौरान विशेष अतिथि के लिए उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा को भी आमंत्रित किया। जिसे उन्होंने सहज स्वीकार कर आने की स्वीकृति दी। मुलाकात करने वालों में पूज्य सिंधी पंचायत के संरक्षक अमर परवानी, अध्यक्ष महेश दरयानी, मनीष पंजवानी आदि शामिल थे।

### डीएलएड के परिणाम घोषित

रायपुर। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल ने डीएलएड (द्विवर्षीय पाठ्यक्रम) प्रथम और द्वितीय वर्ष के मुख्य और अवसर परीक्षा के परिणाम घोषित कर दिए हैं। परीक्षार्थी मंडल की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर परिणाम डाउनलोड कर सकते हैं। डीएलएड प्रथम वर्ष परीक्षा में 3,256 छात्र और 3,499 छात्राएं शामिल हुईं। इस तरह कुल 6,755 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। वहीं, डीएलएड द्वितीय वर्ष परीक्षा में 3,541 छात्र और 3,128 छात्राएं शामिल हुईं। इस परीक्षा में कुल 6,669 परीक्षार्थियों ने पंजीयन कराया था।

### शराब के लिए पैसे नहीं देने पर बेसबाल बैट से हमला

रायपुर। शराब पीने के लिए पैसे मांगने का विरोध करने वाले राजमिस्त्री पर दो बदमाशों ने बेसबाल बैट से हमला कर घायल कर दिया। बीच-बचाव करने पहुंचे साथी के साथ मारपीट की गई। टिकरापारा थाना में कृष्णा साहू ने शिकायत दर्ज कराई है। उसने पुलिस को बताया है कि बुधवार दोपहर करीब 2.45 बजे वह अपने साथी गंगू साहू के साथ संतोषी नगर जा रहा था। इसी दौरान गोकुल नगर शराब दुकान के पास मेन रोड पर दो युवक हाथ में बेसबाल बैट लेकर पहुंचे और शराब पीने के लिए पैसे मांगने लगे। कृष्णा के पैसे देने से इनकार करते ही दोनों आरोपी गुस्सा हो गए। उन लोगों ने राजमिस्त्री के साथ गाली-गलौज करते हुए बेसबाल बैट व मुक्कों से उसकी पिटाई कर दी।

### निधन

**शीला बोस**

*रायपुर। रानू कुटीर विनायका विहार निवासी शीला बोस का निधन हो गया।*



*उनकी अंतिम यात्रा 24 जुलाई को सुबह 10 बजे उनके निवास स्थान से मारवाड़ी श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे नितिनी कुमार बोस, रविन्द्र बोस, रीना नायडू, सागोरिका बोस की माता थीं।*

# शिवम विहार बोरियाखुर्द में 5 ब्लाक में अवैध निर्माण पर चलाई जेसीबी



कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड में संगम मैरिज पैलेस के पास शिवम विहार कालोनी बोरियाखुर्द क्षेत्र में अवैध निर्माण हटाया

मुख्यालय उड़नदस्ता, जोन 10 नगर निवेश विभाग और पुलिस बल की संयुक्त टीम ने चलाया अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

नगर निगम जोन 10 क्षेत्र स्थित संगम मैरिज पैलेस के पास शिवम विहार कालोनी बोरियाखुर्द क्षेत्र में 5 ब्लाक में बिना अनुमति किए गए अवैध निर्माण को निगम के तोड़ूदस्ता ने पुलिस बल की मौजूदगी में तोड़ने की कार्रवाई की।

निर्माणकर्ता पन्नालाल द्वारा रायपुर नगर निगम से बिना अनुमति 5 ब्लाक का अवैध निर्माण कराया गया था, जिसे जेसीबी मशीन से तोड़ा गया। शहर के आउटर इलाके में स्थित कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड में निगम आयुक्त संबित मिश्रा के निर्देश पर गुरूवार को जोन 10 कमिश्नर मोनेश्वर शर्मा के मार्गदर्शन में जोन 10 के नगर निवेश विभाग और नगर निगम मुख्यालय उड़नदस्ता की टीम द्वारा यातायात पुलिस के सहयोग से संगम मैरिज पैलेस के पास शिवम विहार कालोनी बोरियाखुर्द में 5 ब्लाक में किए गए अवैध निर्माण को जेसीबी मशीन की सहायता से तोड़ा गया।

## गिरफ्तार आरोपी बिलासपुर के रहने वाले

# सीए के ऑफिस से लाखों की चोरी पूर्व कर्मचारी सहित दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

सीए के ऑफिस में चोरी करने वाले दो लोगों को सिविल लाइंस पुलिस तथा एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट की टीम ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में सीए के ऑफिस में काम कर चुका पूर्व कर्मचारी है, जिसने अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर चोरी की योजना बनाई थी। आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने चोरी की रकम 7.80 लाख रुपए जब्त की है। सीए का पूर्व कर्मचारी पूर्व में मारपीट के आरोप में जेल जा चुका है।

चोरी के आरोप में पुलिस ने बिलासपुर निवासी उमेश पोर्ते तथा लक्ष्मीनारायण ध्रुव को गिरफ्तार किया है। दोनों ने चेतन तारवानी के तारवानी एंड एसोसियेट के ऑफिस में 20-21 जुलाई की दरमियानी रात चोरी की थी। आरोपी ऑफिस के अंदर प्रवेश कर कटर से कैश काउंटर का लॉक काटकर अंदर रखे रुपए पर हाथ साफ कर दिया था।



पूर्व कर्मचारी को इस बात की जानकारी थी कि उसके मालिक के ऑफिस में लाखों रुपए रहते हैं। इसीलिए उसने अपने साथी के साथ मिलकर चोरी की प्लानिंग की। शंका के आधार पर पुलिस ने उमेश को हिरासत में लेकर पूछताछ की, तो उसने अपने साथी के साथ मिलकर चोरी करने का अपराध कबूल किया।

## मुजगहन थाना क्षेत्र की घटना

# खाली प्लाट में महिला की संदिग्ध परिस्थिति में मिली लाश

**हत्या की आशंका पुलिस कर रही पूछताछ**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

डूंडा स्थित स्वागत विहार कालोनी के एक खाली तथा सूने प्लाट में घरों में काम करने वाली महिला की बुधवार को संदिग्ध परिस्थिति में लाश मिली है। महिला के शव को मुजगहन थाने की पुलिस ने अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करने मरचुरी भेज दी है। मौके पर एफएसएल, डॉग स्क्वाड के साथ पुलिस की टीम जांच करने पहुंची थी। पश्चिम जोन के डीसीपी राबिनसन गुरिया ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया।

मृतका की पहचान बोरियाकला निवासी सुभद्रा साहू (35) के रूप में हुई है। वह घरों में काम करने का कार्य करती थी और बुधवार सुबह रोज की तरह काम पर जाने निकली थी। दोपहर में उसका शव सूनसान प्लाट में मिलने की सूचना पुलिस को मिली। प्रारंभिक जांच में पुलिस हत्या की आशंका जता रही है। आशंका है कि महिला की हत्या कहीं और करने के बाद लाश को पहचान छिपाने के उद्देश्य से सूनसान स्थान पर फेंका गया। हालांकि मौत के वास्तविक कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद होगा। महिला के तीन बच्चे हैं, जिनकी उम्र 6 से 14 वर्ष के बीच की है। महिला की जहां लाश मिली है, उसके आसपास की कालोनी के घरों में महिला काम करने जाती थी।

# एमकॉम की छात्रा उजमा कौशर बनी विवि टॉपर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

गुरुकुल महिला महाविद्यालय की वाणिज्य संकाय की मेधावी छात्रा उजमा कौशर ने एमकॉम प्रावीण्य सूची में जगह बनाई है। पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय द्वारा घोषित वार्षिक एमकॉम परीक्षा में प्राप्तांक 2000 में से 1571 अंक प्राप्त कर पूरे विश्वविद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इस उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए उन्हें विश्वविद्यालय के आगामी दीक्षांत समारोह में स्वर्ण पदक प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। इस गौरवपूर्ण सफलता पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. संध्या गुप्ता ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह उपलब्धि छात्रा की कठिन मेहनत, अनुशासन, समर्पण तथा वाणिज्य संकाय के संकायाध्यक्ष डॉ. राजेश कुमार अग्रवाल एवं विभाग के प्राध्यापकों डॉ. कविता सिलवाल, डॉ. रात्रि लहरी एवं मान्या शर्मा के सतत मार्गदर्शन एवं प्रेरणा का परिणाम है।



# आधुनिक कृषि की नई पहचान बन रहे हैं नैनो उर्वरक-डीएपी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के राष्ट्रीय जैविक स्ट्रैस प्रबंधन संस्थान द्वारा खरीफ मौसम में धान फसल के लिए नैनो पोटाश (20 %), नैनो डीएपी, नैनो जिंक एवं नैनो बोरॉन के वैज्ञानिक उपयोग, पोषक तत्व उपयोग दक्षता तथा फसल उत्पादकता पर इनके प्रभाव के मूल्यांकन के लिए उन्नत वैज्ञानिक परीक्षण संचालित किए जा रहे हैं। इन परीक्षणों का उद्देश्य नैनो उर्वरकों एवं सूक्ष्म पोषक तत्वों के वैज्ञानिक उपयोग पर प्रमाण-आधारित तकनीकी अनुशंसाएं विकसित करना तथा टिकाऊ कृषि को बढ़ावा देना है। यह वैज्ञानिक परीक्षण संस्थान के निदेशक डॉ. पीके राय के मार्गदर्शन में संचालित किए जा रहे हैं।

इस अवसर पर आईसीएआर-राष्ट्रीय जैविक स्ट्रैस प्रबंधन संस्थान के परियोजना प्रमुख एवं संयुक्त निदेशक डा. अनिल दीक्षित ने बताया कि, इन वैज्ञानिक परीक्षणों के अंतर्गत नैनो उर्वरकों का पौधों द्वारा पोषक तत्वों के अवशोषण, जैविक तनावों (कीट एवं रोगों) के प्रति सहनशीलता, पौध वृद्धि, उपज एवं गुणवत्ता पर पड़ने वाले प्रभावों का भी विस्तृत अध्ययन किया जा रहा है। इन परीक्षणों से प्राप्त परिणाम भविष्य में धान की फसल के लिए वैज्ञानिक रूप से प्रमाणित, पर्यावरण-अनुकूल एवं लागत-कुशल पोषक तत्व प्रबंधन तकनीकों के विकास में महत्वपूर्ण आधार प्रदान करेंगे। आईसीएआर-राष्ट्रीय जैविक तनाव प्रबंधन संस्थान (आईसीएआर-एनआईबीएसएम), रायपुर एवं हिमाद्री एग्रोटेक स्पेशलिटीज़ लिमिटेड के मध्य हुए एमओयू (समझौता) के तहत यह परीक्षण किया जा रहा है।

## बिजनेस साइट

### कलिंगा विश्वविद्यालय में अल्ट्राटेक सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का उद्घाटन




छात्रों को मिलेगा उद्योग आधारित प्रशिक्षण

*रायपुर। कलिंगा विश्वविद्यालय एवं अल्ट्राटेक सीमेंट की संयुक्त पहल से परिसर में 'अल्ट्राटेक सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' का भव्य उद्घाटन किया गया। विश्वविद्यालय का यह आठवां सेंटर ऑफ एक्सीलेंस सिविल इंजीनियरिंग छात्रों को उद्योग-उन्मुख तकनीकी ज्ञान, व्यावहारिक प्रशिक्षण और करियर आधारित कौशल प्रदान करेगा। उद्घाटन मुख्य अतिथि प्रधान महालेखाकार कार्यालय के यशवंत कुमार तथा विशिष्ट अतिथि शीतांशु शेखर (महाप्रबंधक, नाबार्ड) ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। समारोह में कुलपति प्रो. डॉ. आर. श्रीधर, महानिदेशक डॉ. बायजू जॉन सहित विश्वविद्यालय एवं अल्ट्राटेक के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। अतिथियों ने केंद्र का अवलोकन करते हुए इसे शिक्षा और उद्योग के बीच मजबूत सेतु बताया। वक्ताओं ने कहा कि यह केंद्र छात्रों को इंटर्नशिप, लाइव प्रोजेक्ट, विशेषज्ञ व्याख्यान, प्रमाणन कार्यक्रम, अनुसंधान, स्टार्टअप मार्गदर्शन और प्लेसमेंट जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराएगा। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में शिक्षक, विद्यार्थी और उद्योग जगत के प्रतिनिधि मौजूद रहे।*

### छत्तीसगढ़ योग आयोग की पहल, पहली बार सभी विश्वविद्यालय एक मंच पर आए

*रायपुर। छत्तीसगढ़ योग आयोग के गठन के बाद पहली बार राज्य के सभी विश्वविद्यालयों के कुलपति एवं उनके अधिकृत प्रतिनिधि योग शिक्षा के विस्तार और समन्वित कार्ययोजना तैयार करने के उद्देश्य से एक मंच पर एकत्र हुए। आयोग के अध्यक्ष संजय अग्रवाल की पहल पर आयोजित बैठक में उच्च शिक्षा संस्थानों में योग शिक्षा, प्रशिक्षण, अनुसंधान और नियमित योग गतिविधियों को सुदृढ़ बनाने पर व्यापक चर्चा हुई। बैठक में विद्यालयों के लिए विशेषज्ञों, विद्यालय शिक्षा विभाग और योग आयोग के समन्वय से व्यवस्थित योग पाठ्यक्रम तैयार करने पर सहमति बनी। अध्यक्ष संजय अग्रवाल ने कहा कि नई शिक्षा नीति के अनुरूप योग को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का आधार बनाया जाएगा। बैठक में बस्तर संभाग को 'नक्सल मुक्त, योग युक्त' बनाने की अवधारणा के तहत छात्रावासों और आश्रमों में योग प्रशिक्षकों की नियुक्ति तथा दंतेवाड़ा और सुकमा में योग केंद्र स्थापित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में विश्वविद्यालयों के कुलपतियों एवं प्रतिनिधियों ने योग शिक्षा को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए अपने सुझाव प्रस्तुत किए तथा योग प्रशिक्षकों के प्रशिक्षण, अनुसंधान को बढ़ावा देने और नियमित योग गतिविधियों के संचालन में पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। बैठक के अंत में छत्तीसगढ़ योग आयोग एवं राज्य के सभी विश्वविद्यालयों के बीच निरंतर समन्वय बनाए रखते हुए समयबद्ध कार्ययोजना तैयार करने का निर्णय लिया गया। यह बैठक राज्य में योग शिक्षा को नई दिशा देने की दृष्टि से एक ऐतिहासिक पहल मानी जा रही है।*

**हिस्ट्रीशीटर को 10 साल कैद के साथ जुर्माना:** रायपुर। पंडरी थाना के हिस्ट्रीशीटर को गांजा बेचने के आरोप में विशेष न्यायाधिश किरण थवाईत की कोर्ट ने 10 साल कैद के साथ एक लाख रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। विशेष लोक अभियोजक भुवन लाल साहू के अनुसार कोर्ट ने ईरानी डेरा निवासी जमन अली को कैद तथा जुर्माने की सजा सुनाई है। उसके कब्जे से पुलिस ने 29 जुलाई 2022 को दलदल सिवनी विज्ञान केंद्र के सामने सवा दो किलो गांजा जब्त कियाा था।

**कार्यालय रा.नि.मं. रायपुर- 14 (बोरियाखुर्द), तहसील- रायपुर, जिला- रायपुर (छ.ग.)**

**आम सूचना**

जारी दिनांक 23.07.2026

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री गैंदलाल साहू पिता श्री मनोहर लाल साहू निवासी जिला बालोद (छ.ग.) द्वारा आवेदित ग्राम बोरियाखुर्द प.ह.नं. 71 राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर-14 बोरियाखुर्द स्थित भूमि खसरा नंबर 321/53 रकबा क्रमशः 0.0075 हे. कुल खसरा क्रमांक 01 रकबा 0.0075 हे. भूमि का सीमांकन न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के आदेश दिनांक 10.06.2026 के परिपालन में दिनांक 07.08.2026 को समय अपरान्ह 03:00 PM बजे मेरे द्वारा किया जाना नियत किया गया है।

अतः उक्त सीमांकन से जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो वे उक्त सीमांकन हेतु नियत तिथी में हल्का पटवारी हल्का नंबर 71 के बोरियाखुर्द स्थित पटवारी/राजस्व निरीक्षक कार्यालय में अपने दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। इसके उपरान्ह किसी दावा/ आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नही होगा।

राजस्व निरीक्षक
रा.नि.मं. रायपुर- 14 (बोरियाखुर्द)

**कार्यालय रा.नि.मं. रायपुर- 14 (बोरियाखुर्द), तहसील- रायपुर, जिला- रायपुर (छ.ग.)**

**आम सूचना**

जारी दिनांक 23.06.2026

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रेवा राम साहू पिता श्री फगनु निवासी ईन्द्रपुरी हुजुर भोपाल (म.प्र.) द्वारा आवेदित ग्राम बोरियाखुर्द प.ह.नं. 71 राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर-14 बोरियाखुर्द स्थित भूमि खसरा नंबर 321/56 रकबा क्रमशः 0.0074 हे. कुल खसरा क्रमांक 01 रकबा 0.0074 हे. भूमि का सीमांकन न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के आदेश दिनांक 10.06.2026 के परिपालन में दिनांक 07.08.2026 को समय अपरान्ह 03:00 PM बजे मेरे द्वारा किया जाना नियत किया गया है।

अतः उक्त सीमांकन से जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो वे उक्त सीमांकन हेतु नियत तिथी में हल्का पटवारी हल्का नंबर 71 के बोरियाखुर्द स्थित पटवारी/राजस्व निरीक्षक कार्यालय में अपने दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। इसके उपरान्ह किसी दावा/ आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नही होगा।

राजस्व निरीक्षक
रा.नि.मं. रायपुर- 14 (बोरियाखुर्द)

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक रायपुर-09, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.)**

**// आम सूचना //**

जारी दिनांकः- 17/07/2026

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम तेलीबांधा प.ह.नं. 64 रा.नि.मं. 09 तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) स्थित भूमि के संबंध में आवेदक श्री जगतनारायण सिंह पिता बलदेव सिंह निवासी तेलीबांधा रायपुर (छ.ग.) द्वारा धारित भूमि खसरा नंबर 336/2 रकबा 0.0558 हेक्टेयर के सीमांकन हेतु आवेदन माननीय न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के उपरांत न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के न्यायालयीन आदेश दिनांक 06/07/2026 के परिपालन में आवेदित की भूमि के सीमांकन हेतु स्थल निरीक्षण मेरे द्वारा दिनांक 01/08/2026 को 01:00 बजे पश्चात किया जाना नियत है। अतएव उक्त खसरा नंबर के सभी बटांकनधारी भूमिस्वामियों, व्यक्ति, संस्था तथा आसपास के भूमिस्वामियों को सूचना दी जाती है कि आप नियत दिनांक के पूर्व पटवारी कार्यालय में अथवा ऊपर उल्लेखित दिनांक को आवेदित स्थल में अपनी भूमि के दस्तावेज सहित उपस्थित होवें और दस्तावेज के अनुरूप दावा-आपत्ति समक्ष प्रस्तुत करें। इसके उपरांत किसी दावा / आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नही होगा।

सो सूचना जानें।

राजस्व निरीक्षक
रायपुर-09 (तेलीबांधा)

**न्यायालय नायब तहसीलदार उप तहसील सारागांव**
**मामले की श्रेणी- राजस्व संदर्भ- जिला रायपुर तहसील- धरसीवा प.ह.नं.- 00015 नगरगांव ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक- CT202526440417500002**

**ईश्तहार**

तहसील धरसीवा के प.ह.नं. 00015 के अंतर्गत ग्राम नगरगांव के वर्तमान भूमि स्वामी रेखा निषाद पिता/पति- मुन्ना लाल पता- सा. देह, सौरभ निषाद पिता/पति- राजेश पता-सा.देह, मुकेश निषाद पिता/ पति- मुन्नालाल पता-सा.देह, सीमा निषाद पिता/पति-राजेश पता-सा.देह, राकेश निषाद पिता/पति-मुन्नालाल पता- सा.देह, राज बाई निषाद पिता/ पति- मुलचंद निषाद पता- रामसागरपारा पूरन दाल मिल गली रायपुर (छ.ग.), गौरव निषाद पिता/पति- राजेश पता-सा. देह, सुनीता निषाद पिता/ पति- मुन्ना लाल पता-सा.देह के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 1017 (0.2190), 176/1 (0.0610), 554/1 (0.0280), 865/1 (0.0360), 505 (0.2020) में प्रस्तावित भूमि स्वामी/क्रेता राज बाई निषाद पिता/पति- मुलचंद निषाद पता- राम सागर पारा रायपुर (छ.ग.) के नाम पर पंजीयन/ फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधो हस्ताक्षर कर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 30/07/2026 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय नायब तहसीलदार उप तहसील सारागांव पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आम मुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 15/07/2026 को जारी किया जाता है।

नायब तहसीलदार
Ashok Kumar Janghel
तहसील- धरसीवा

**न्यायालय नायब तहसीलदार उप तहसील सारागांव जिला-रायपुर (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिकागण तारन बाई महिलांग पिता रामप्रसाद पति सुखचंद महिलांग एवं पराग बाई चेलक पिता रामप्रसाद पति मुंगेलाल चेलक द्वारा माननीय न्यायालय प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी के षष्ठम अतिरिक्त न्यायाधीश जिला-रायपुर के व्यवहार वाद क्रमांक 319-अ/2022 में पारित निर्णय एवं डिक्री दिनांक 01/07/2022 के अनुसार ग्राम गिधौरी प.ह.नं. 15 स्थित भूमि ख.नं. 40/4, 55/3, 102/3, 111/2, 113, 151/1, 249/3 रकबा क्रमशः 0.1010. 0.2020, 0.3320, 0.0890, 0.1130, 0.0450 0.1050हे. भूमि कुल खसरा 7 कुल रकबा 0.9870हे. भूमि को खातेदारों के मध्य 1/8-1/8 हिस्से में खाता-विभाजन किये जाने आवेदन पेश किये हैं।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को आपत्ति हो तो स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में नियत दिनांक 10/08/2026 को उपस्थित होकर दावा/ आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है, नियत दिनांक के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 20/07/2026 को जारी किया जाता है।

मुहर

नायब तहसीलदार
उप तहसील सारागांव

**न्यायालय तहसीलदार रायपुर, जिला रायपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

प्र.क्रमांक / /अ-6(अ)/2026-2027
ग्राम-भाठागांव, प.ह.नं. 60.
रायपुर, दिनांक 20/07/2026

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती बाहरिन बाई साहू पति तीरथ राम साहू निवासी मकान नंबर 10/1192 साहू पारा वार्ड नं.-07 खमतराई रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) द्वारा भू-राजस्व संहिता 1959 के अंतर्गत धारा 115 सहपठित धारा 116 के तहत अभिलेख दुरुस्ती बाबत आवेदन पत्र पेश कर लेख किया है कि आवेदिका का विभिन्न शासकीय अभिलेखों में मेरा नाम अलग-अलग तरीके से दर्ज है, जिसके कारण मुझे शासकीय कार्यों एवं संपत्ति संबंधी कार्यों में परेशानी हो रही है। आवेदिका के आधार कार्ड श्रीमती बाहरिन बाई साहू पति तीरथ राम साहू में तथा पेन कार्ड में बाहरिन बाई साहू पिता - दाऊ लाल साहू नाम दर्ज है। आवेदिका के ग्राम भाठागांव प.ह.नं. 60, तहसील व जिला रायपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 510/5, रकबा 0.0100 हे. की बी- 01 एवं ऋण पुस्तिका मे मेरा नाम खोरबहरिन पिता - दाऊ दर्ज है। उपरोक्त बाहरिन बाई साहू पति- तीरथ राम साहू, बाहरिन बाई साहू पिता - दाऊ लाल साहू एवं खोरबहरिन पिता- दाऊ तीनों नाम एक ही व्यक्ति अर्थात मेरे ही है। नामो में भिन्नता लेखन त्रुटि के कारण हैं। आवेदिका का नाम ऑनलाईन भूईया अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु निवेदन किया है कि राजस्व अभिलेखो में दर्ज किये जाने हेतु आदेश प्रदान करने की कृपा करें।

आवेदिक द्वारा प्रस्तुत आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को दावा / आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 30/7/2026 तक स्वतः अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा / आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 20/7/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

नायब तहसीलदार
रायपुर (छ.ग.)

**नाम परिवर्तन**

मैं शपथकर्ता- पृथ्वीज्ञ निषाद, उम्र 33 वर्ष, पिता श्री शंकर राम निषाद, निवासी म.नं. 102, केपिटल सीटी, फेस-1, सड्डू, रायपुर तह. व जिला रायपुर छ.ग. का हूं और जो कि निम्न कथन शपथपूर्वक करता हूं किः-

1. यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है जो कि सही एवं सत्य है तथा मेरा आ.नं. 7030 9036 4696.
2. यह कि मेरा पुत्र अथर्व राज निषाद जिसकी जन्म प्रमाण पत्र में नाम अथर्व निषाद अंकित एवं दर्ज किया गया था। अतः अभी वर्तमान में मैं अपने पुत्र अथर्व निषाद की जन्म प्रमाण पत्र में नया नाम अथर्व राज निषाद अंकित एवं दर्ज कराना चाहता हूं, जिसके समर्थन में यह शपथ पत्र संबंधित विभाग में श्रीमान सक्षम प्राधिकारी महोदय के समक्ष सादर प्रस्तुत है।

अतः मेरे पुत्र का नाम अथर्व निषाद के स्थान पर नया नाम अथर्व राज निषाद अंकित एवं दर्ज किया जाए।

शपथकर्ता

**सत्यापन**

उपरोक्त लिखी बातें सही व सत्य है अतः आज दिनांक को अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित किया।

दिनांक 13/07/2026 शपथकर्ता

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • मानसिक रोग
• त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मूत्र संबंधी रोग
• मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग
• पेट संबंधी विकार • थायराइड मांसपेशी का रोग
• अस्थमा • मोटापा • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
भिलाई सेन्टर-नेहरू नगर (पूर्व),एसबीआई बैंक के पास, भिलाई(छ.ग.) 95224 66605

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मैटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएँ
• गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी
• एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी
• सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
• बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा
• आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार,
• TPA की सुविधा
माँ और शिशु का विश्वास
डॉ. सी.पी.सिंह (एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह (एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें 9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर

BHASKAR EYE CARE
भास्कर आई केयर
कालामोतिया नजर चुराता है और दर्द भी नही होता!
प्रदेश के प्रसिद्ध ग्लूकोमा विशेषज्ञ द्वारा सम्पूर्ण कालामोतिया जांच एवं उपचार
लेजर एवं बिना टांकों की ग्लूकोमा MIGS सर्जरी • आंखों की सूखती नस का इलाज
EYE PRESSURE (IOP) • GONIOSCOPY • OCT & FIELD TEST
डॉ. दिलीप लालवानी
नेत्र रोग विशेषज्ञ
फेको सर्जन एवं ग्लूकोमा विशेषज्ञ
MOORFIELDS EYE HOSPITAL, LONDON
ARAVIND EYE HOSPITAL, COIMBATORE
निरंकारी सत्संग भवन के पास, हिंद स्पोर्ट्स फुटबॉल ग्राउंड के पास, ईदगाह भाठा, रायपुर (छ.ग.) 07714024989 | 9329124989

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# प्रायोगिक पूरक परीक्षा 29 से, स्कूलों में लैब नहीं तो दूसरे केंद्र में स्थानांतरित होंगे छात्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सीबीएसई ने कक्षा 12 की सप्लीमेंट्री प्रैक्टिकल परीक्षा का शेड्यूल जारी कर दिया है। प्रैक्टिकल परीक्षाएं 29 जुलाई से 4 अगस्त तक होंगी। पात्र छात्रों को 27 जुलाई तक अपने स्कूल या परीक्षा केंद्र से संपर्क करना होगा।

- परीक्षा के तुरंत बाद स्कूलों को अपलोड करने होंगे छात्रों के प्रायोगिक अंक
- 28 जुलाई को होगी सैद्धांतिक विषय की परीक्षा

बोर्ड ने परीक्षा और अंक अपलोड करने को लेकर भी जरूरी निर्देश जारी किए हैं। इससे पहले 28 जुलाई 2026 को कक्षा 12वीं की सप्लीमेंट्री थ्योरी परीक्षा आयोजित होगी, जिसमें 2.5 लाख से अधिक छात्र शामिल होने वाले हैं। यह कार्यक्रम उन छात्रों के लिए लागू है, जिन्हें बोर्ड ने रिपीट श्रेणी में रखा है। रिपीट प्रैक्टकल श्रेणी के छात्रों को केवल प्रैक्टिकल परीक्षा देनी होगी। उनके पहले प्राप्त थ्योरी अंक ही मान्य रहेंगे।

वहीं थ्योरी और प्रैक्टिल दोनों परीक्षाओं में रिपीट श्रेणी के छात्रों को दोनों परीक्षाएं दोबारा देनी होंगी। सीबीएसई के अनुसार, नियमित छात्रों की प्रैक्टिकल परीक्षा उनके अपने स्कूल में होगी। वहीं, निजी छात्रों को बोर्ड द्वारा आवंटित सप्लीमेंट्री परीक्षा केंद्र पर उपस्थित होना होगा। यदि किसी परीक्षा केंद्र पर किसी विषय के लिए आवश्यक प्रयोगशाला उपलब्ध नहीं है, तो संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय पास के किसी स्कूल या परीक्षा केंद्र पर परीक्षा की व्यवस्था करेगा।

### बाहरी परीक्षक की नियुक्ति करेगा बोर्ड

बोर्ड ने सभी क्षेत्रीय कार्यालयों को प्रैक्टिकल परीक्षा के लिए बाहरी परीक्षक नियुक्त करने के निर्देश दिए हैं। स्कूल और परीक्षा केंद्र अब अपने स्तर पर बाहरी परीक्षक नहीं चुन सकेंगे। वे केवल अपने शिक्षकों में से आंतरिक परीक्षक नामित कर सकेंगे। सीबीएसई ने स्पष्ट किया है कि प्रैक्टिकल परीक्षा के अंक परीक्षा वाले दिन ही बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड करना अनिवार्य होगा। एक बार अंक अपलोड होने के बाद उनमें किसी भी प्रकार का संशोधन स्वीकार नहीं किया जाएगा।



### मार्कशीट की प्रति अनिवार्य

बोर्ड ने छात्रों को निर्देश दिया है कि वे प्रैक्टिकल परीक्षा में शामिल होते समय अपने साथ एडमिट कार्ड के साथ मार्कशीट या रिजल्ट की एक प्रति लेकर जाएं। साथ ही, स्कूलों को निर्देश दिए गए हैं कि वे छात्रों को प्रैक्टिकल परीक्षा की तारीख और समय की जानकारी समय पर दें तथा परीक्षा के सुचारु संचालन के लिए क्षेत्रीय कार्यालयों के साथ समन्वय बनाए रखें।

## खबर संक्षेप

### 14 दुकानों को सील, नेता प्रतिपक्ष ने जताया ऐतराज



**रायपुर।** निगम मुख्यालय के सामने स्थित उद्यान परिसर में संचालित 14 दुकानों को नगर निगम द्वारा सीलबंद किए जाने पर निगम के नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी ने एतराज जताया है। उनका कहना है कि बिना पूर्व सूचना के छोटे-छोटे दुकानदारों की दुकानों को सील करना न्याय संगत नहीं है। यह निगम प्रशासन के तानाशाही रवैया को दर्शाता है। चलती दुकानों को सील कर दिया गया, दुकानदारों कोकच्चा माल और अंदर का सामान निकालने का तक मौका नहीं दिया इससे दुकानदारों को काफी नुकसान हुआ है। आकाश तिवारी ने आरोप लगाया कि इससे पहले साइंस कालेज की चौपाटी भाजपा के विधायक के जिद चलते आमानाका ब्रिज के नीचे सुनसान जगह में जबरिया ले जाया गया।

### सभापति ने च्वाइस सेंटर में पेंशन प्रदान करने बैंक अधिकारियों को दिए निर्देश



**रायपुर।** नगर निगम सभापति सूर्यकान्त राठौड़ ने गुरुवार को जोन अध्यक्षों की बैठक ली। इस बैठक में निराश्रित पेंशन हितग्राहियों को सुविधाजनक तरीके से पेंशन प्रदान करने वार्ड में किसी च्वाइस सेंटर को पार्षद की सहमति से अधिकृत करने आईडीबीआई बैंक अधिकारियों को निर्देश दिए। इसके साथ ही सामाजिक सुरक्षा योजनाओं में पेंशन भुगतान प्रकरणों पर चर्चा की। नगर निगम मुख्यालय के सभापति कक्ष में निगम के सभापति सूर्यकांत राठौरने दस जोन के जोन अध्यक्ष और नगर निगम शहरी गरीबी उपशमन एवं समाज कल्याण विभाग केअध्यक्ष खेम कुमार सेन, नगर निगम उपायुक्त डॉ अंजलि शर्मा की उपस्थिति में बैठक ली।

### रकम लौटाने राज्य उपभोक्ता आयोग ने सुनाया फैसला

**रायपुर ।** राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग ने उपभोक्ता के पक्ष में फैसला सुनाते हुए कार डीलर तथा कार निर्माता को डेढ़ माह के भीतर मानसिक क्षति, वाद व्यय के साथ कार की पूरी रकम 45 दिनों के भीतर चार लाख 77 हजार 865 रुपए ब्याज सहित लौटाने के आदेश दिए हैं। तकनीकी खराबी के कारण कार खरीदने वाले को तीन माह के भीतर चार बार कार की रिपेयरिंग करानी पड़ी थी। राज्य उपभोक्ता आयोग ने प्रमोद कुमार गौतम के पक्ष में फैसला सुनाया है। उनका आरोप था कि वाहन में प्रारंभ से ही गंभीर तकनीकी दोष रहे जैसे ईंधन गेज खराब होना, वाहन का एक ओर खींचना, तथा इंजन की ठंडी अवस्था में स्टार्टिंग समस्या। मात्र तीन माह और 5000 किलोमीटर के भीतर ही वाहन को चार बार मरम्मत कराना पड़ा, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान और मानसिक पीड़ा हुई।

## महीनेभर में तय होगी निर्माण एजेंसी

# डूंडा में लगेगा 150 एमएलडी का नया फिल्टर प्लांट, निगम के किया टेंडर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

डूंडा में 150 एमएलडी की क्षमता का नया फिल्टर प्लांट स्थापित होगा। 189 करोड़ की अनुमानित लागत से शहर के दूसरे और नए फिल्टर प्लांट लगाने के लिए एजेंसी तय करने नगर निगम के जल विभाग ने ऑनलाइन टेंडर जारी किया है। महीनेभर में एजेंसी तय होगी। रायपुर नगर निगम के बजट में महापौर मीनल चौबे ने इसके लिए विशेष प्रावधान किया है। जल विभाग ने डूंडा के सरकारी स्कूल के आसपास प्रस्तावित फिल्टर प्लांट के लिए 10 एकड़ जमीन पहले ही चिन्हित कर ली है।

हरिभूमि सरोकार

दरअसल, भाठागांव स्थित मुख्य फिल्टर प्लांट पर बढ़ते दबाव को कम करने और शहर के तेजी से विकसित हो रहे बाहरी इलाकों को ध्यान में रखते हुए वर्ष 2050 तक की अनुमानित आबादी को पेयजल उपलब्ध कराने के मकसद से नए फिल्टर प्लांट स्थापित करने की योजना बनाई गई है। इसमें शहर के आउटर इलाके में स्थित गांव डूंडा को पाइंट बनाकर प्लांट का नेटवर्क तैयार किया जा रहा है। इस नए प्रस्तावित प्लांट के लिए मुख्य कच्चा पानी खारुन नदी से लिया जाएगा। काठाडीह से लेकर डूंडा के नए वाटर ट्रीटमेंट प्लांट तक पानी पहुंचाने 6.5 किलोमीटर लंबी और 1200 एमएम व्यास की मेन पाइप लाइन बिछाई जाएगी। इसके साथ ही इंटेकवेले से कनेक्ट कर पाइप लाइन बिछाने 5.5 किलोमीटर के दायरे में पाइप लाइन बिछाई जाएगी। जल विभाग के अधिकारियों ने बताया कि जमीन हस्तांतरण के लिए जिला कलेक्टर और एसडीएम को औपचारिक पत्र भेजा गया है। स्थल सर्वे के बाद इस भूमि पर 150 एमएलडी क्षमता वाले कनवेंशन प्लांट, क्लियर वाटर पंपिंग स्टेशन, इलेक्ट्रिक सब स्टेशन का निर्माण अनुबंधित एजेंसी के माध्यम से कराया जाएगा।

### शहर में नए प्लांट की जरूरत इसलिए

राजधानी से महानगर के रूप में तब्दील हो रहे रायपुर शहर के तेजी से फैलाव माता कौशिल्या विहार, डूंडा, सड्डू, कचना, लभांडी, दलदल सिवनी जैसे बाहरी इलाकों की तरफ हो रहा है। ये क्षेत्र भाठागांव स्थित नगर निगम के फिल्टर प्लांट से काफी दूर है, जिससे अंतिम छोर तक पानी का दबाव घट जाता है। इसके चलते गर्मी के सीजन में रायपुर नगर निगम के आउटर में स्थित कई इलाकों में नलों से पर्याप्त प्रेशर के साथ पानी नहीं पहुंचने से पेयजल की समस्या उत्पन्न होती है। पर नए फिल्टर प्लांट बनने से यह समस्या काफी हद तक दूर हो जाएगी। डूंडा में प्रस्तावित नए फिल्टर प्लांट को आधुनिक तकनीक से सुसज्जित करते हुए इसमें जल वितरण के व्यवस्था की ऑनलाइन निगरानी करने स्कॉडा सिस्टम विकसित किया जाएगा। इसके लिए अलग से वहां कंट्रोल रूम बनाने की योजना है। इसके साथ ही रिसर्कुलेशन और बैकवॉश सिस्टम भी रहेगा।



फाइल फोटो

### राज्य शासन से मिली राशि आवंटन की स्वीकृति

राज्य शासन को फंड आवंटन व वित्तीय स्वीकृति के लिए प्रस्ताव भेजा गया था। शासन की ओर से डूंडा में नए फिल्टर प्लांट बनाने के लिए फंड आवंटन व अंतिम वित्तीय स्वीकृति 3 जुलाई 2026 को मिल गई है। इसके बाद हमने एजेंसी तय करने ऑनलाइन टेंडर भी कर दिया है।

- **नरसिंग फरेंद्र**, कार्यपालन अभियंता जल विभाग, नगर निगम रायपुर

### भाठागांव के पुराने फिल्टर प्लांट से 15 पानी टंकी कटेगी, नए प्लांट में करेंगे कनेक्ट

सूत्रों के मुताबिक रायपुर नगर निगम 43 नई व पुरानी पानी टंकियों में से 15 पानी टंकियों को भाठागांव के वर्तमान फिल्टर प्लांट से डिस्कनेक्ट कर डूंडा में बनने वाले नए प्लांट में जोड़ने की योजना है। इसके लिए नगर निगम के जल विभाग ने कार्ययोजना बना रखी है। ऐसा इसलिए किया जा रहा है कि पुराने फिल्टर प्लांट जिसकी क्षमता 310 एमएलडी की है उससे जल आपूर्ति के बाद भी शहर के 21 वार्डो में इस बार गर्मी के सीजन में पेयजल संकट की समस्या रही, जिसे दूर करने जल विभाग को जलसंकट प्रभावित इलाकों में पानी टैंकर भेजकर लोगों की प्यास बुझानी पड़ी। यह स्थिति दोबारा निर्मित न हो इसलिए नए प्लांट की डिजाइन इस तरह की गई है जिससे पुराने प्लांट की 15 पानी टंकियों को भरपूर पानी बारह महीने आसानी से आपूर्ति किया जा सके।

## व्यवस्था समाप्त

# अंतिम चरण में भी ऑफलाइन प्रवेश नहीं दे सकेंगे महाविद्यालय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पं.रविशंकर शुक्ल विवि से संबद्ध महाविद्यालयों में ऑन स्पॉट काउंसिलिंग अब 27 जुलाई से नहीं होगी। विवि प्रबंधन द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार अब ऑन स्पॉट काउंसिलिंग 7 अगस्त से प्रारंभ होगी, जो 14 अगस्त तक चलेगी। इस दौरान रिक्त सीटें सभी वर्ग के छात्रों के लिए खोल दिए जाएंगे। विशेष बात यह है कि अंतिम चरण में भी महाविद्यालय अब ऑफलाइन प्रवेश नहीं दे सकेंगे। विवि ही पूरी प्रक्रिया का संचालन करेगा।

- 27 जुलाई से प्रारंभ होने थे ऑन-स्पॉट एडमिशन, अब 7 अगस्त से

इसके पहले चौथे और पांचवें चरण के लिए महाविद्यालायों में पूर्ववत केंद्रीकृत दाखिले ही होंगे। ऑनलाइन पोर्टल में प्राप्त आवेदनों के आधार पर रविवि द्वारा आवेदनकर्ता छात्रों की सूची महाविद्यालयों को भेजी जाएगी। तत्पश्चात कॉलेज प्रबंधन मेरिट लिस्ट जारी करेगा जारी किए गए शेड्यूल के अनुसार चौथे और पांचवें चरण में दाखिले के लिए मेरिट लिस्ट जारी कर छात्रों को प्रवेश के लिए समय दिया जाएगा। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जारी किए गए दिशा-निर्देशों के आधार पर यह व्यवस्था की गई है। स्नातक प्रथम सेमेस्टर के साथ-साथ स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर में भी प्रवेश प्रक्रिया संचालित की जाएगी। महाविद्यालयों को शेड्यूल प्रेषित कर दिया गया है।

### ऐसा है शेड्यूल

**चतुर्थ चरण**
महाविद्यालयों को सूची प्रदान करने की तिथि - 25 जुलाई
मेरिट सूची जारी किये जाने की तिथि - 26 जुलाई
प्रवेश लेने की तिथि - 26 से 31 जुलाई

**पंचम चरण**
महाविद्यालयों को सूची प्रदान करने की तिथि - एक अगस्त
मेरिट सूची जारी किये जाने की तिथि - 2 अगस्त
प्रवेश लेने की तिथि - 2 से 6 अगस्त

### खुला रहेगा आवेदन पोर्टल

छठवें चरण की प्रक्रिया ऑन स्पॉट काउंसिलिंग की होगी। छठवें चरण के लिए महाविद्यालयों को प्रथम सूची 7 अगस्त को प्रदान की जाएगी। 7 से 14 अगस्त तक ऑनलाइन पोर्टल आवेदन के लिए खुला रहेगा। प्रत्येक दिवस में सायं 5 बजे महाविद्यालय को सूची प्रदान कर दी जाएगी। किसी भी परिस्थिति में कॉलेज ऑफलाइन प्रवेश नहीं दे सकेंगे। बीते सत्र तक ऑन स्पॉट काउंसिलिंग के दौरान छात्रों को विश्वविद्यालय के पोर्टल पर जाकर आवेदन करने की आवश्यकता नहीं होती थी। छात्र सीधे महाविद्यालय से संपर्क करते थे। दाखिले के बाद उनसे जुड़ी जानकारी ऑनलाइन करने के बाद महाविद्यालय प्रबंधन द्वारा विवि को प्रेषित कर दी जाती थी।

# राजकीय पशु, पक्षी, वृक्ष, फूल, गीत के बाद अब तितली भी किया शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य की राजकीय पहचान पशु, पक्षी, वृक्ष, फूल, गीत के बाद अब इसमें जल्द ही तितली को भी शामिल किया जाएगा। वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग ने इसके लिए प्रदेशवासियों से ऑनलाइन मतदान के माध्यम से सुझाव मांगे हैं। नागरिक अपनी पसंद की तितली के लिए गूगल फार्म के माध्यम से 31 अगस्त 2026 तक मतदान कर सकते हैं।



- राजकीय तितली के लिए 31 अगस्त तक मतदान करने समय सीमा

राजकीय तितली का चयन वनमंत्री केदार कश्यप की पहल पर शुरू की गई है। इसका उद्देश्य प्रदेश की समृद्ध जैव विविधता और तितलियों के संरक्षण को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि जैव विविधता और वन्यजीवों का संरक्षण केवल शासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का भी दायित्व है। जनभागीदारी से राजकीय तितली का चयन होने से लोगों में प्रकृति और वन्यजीव संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ेगी।

**राजकीय तितली की रेस में तीन प्रजाति :** राजकीय तितली के चयन के लिए गठित विशेषज्ञ समिति ने वैज्ञानिक और पारिस्थितिक मानकों के आधार पर तीन तितली प्रजातियों का चयन किया है। इनमें कॉमन बैंडेड पीकॉक, ऑरेंज ओकलीफ और स्पॉट स्वोर्डटेल शामिल हैं। इन तितली प्रजातियों का चयन राज्य में उनकी उपलब्धता, पारिस्थितिक महत्व, संरक्षण मूल्य, विशिष्टता, आसानी से पहचान में आने और आमजन के आकर्षण जैसे विभिन्न मापदंडों के आधार पर किया गया है।

### यह शामिल हैं हमाले राजकीय पहचान में

- छत्तीसगढ़ स्थापना के बाद राज्य का सबसे पहला राजकीय पहचान वनभैंसा को चुना गया। वाइल्ड बफेलो राज्य की राजकीय पशु है।
- राजकीय पक्षी पहाड़ी मैना बस्तर क्षेत्र की पहाड़ियों में पाई जाती है और मानव आवाज की नकल करने में माहिर है
- राजकीय वृक्ष साल या सरई, जिसे राज्य के कुल वन क्षेत्र का एक बड़ा हिस्सा माना जाता है
- राजकीय फुल गेंदे का फूल, जो पूरे राज्य में व्यापक रूप से उगाया जाता है
- राजकीय गीत 'अरपा पैरी के धार' (राज्य के गौरव को समर्पित आधिकारिक गीत)

### तितली का जैव विविधता में महत्व

तितलियां पर्यावरण के स्वास्थ्य की सूचक हैं, परागण में मदद करती हैं, और खाद्य श्रृंखला का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि यदि आपका तात्पर्य 'अपराजिता' या 'बटरफ्लाई पी' के पौधे या फूलों से है, तो उनके औषधीय और वैज्ञानिक लाभ अलग होते हैं। वैज्ञानिक किसी भी पारिस्थितिकी तंत्र के स्वस्थ होने का पता लगाने के लिए तितलियों की उपस्थिति का उपयोग करते हैं। फूलों से रस चूसते समय ये पौधों के बीच परागकणों को पहुंचाती हैं, जिससे नए पौधे और फल बनते हैं। तितलियां और उनके लार्वा (कैटरपिलर) पक्षियों, चमगादड़ों और अन्य कीट खाने वाले जीवों का मुख्य आहार होते हैं। ये मौसम और पर्यावरण में होने वाले छोटे बदलावों पर बहुत जल्दी प्रतिक्रिया करती हैं, जिससे वैज्ञानिकों को जलवायु संकट का अंदाजा लगता है।

# रायपुर प्राधिकरण ने दोहरे आवंटन के 6 प्रकरणों का किया निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर विकास प्राधिकरण ने दोहरे आवंटन के आधा दर्जन प्रकरणों का निराकरण करते हुए हितग्राहियों की सहमति और समिति की अनुशंसा के आधार पर स्नेहा शर्मा, उमा द्विवेदी, सुशीला ठाकुर, प्रतिभा साहू, सुभाष्मिता पाढ़ी को प्राधिकरण के अध्यक्ष नंदकुमार साहू, उपाध्यक्ष जेपी शर्मा द्वारा संशोधित आवंटन ज्ञापन प्रदान किया गया। प्राधिकरण की संचालक मंडल की बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत विभिन्न आवासीय योजनाओं में दोहरे आवंटन एवं सहमति के आधार पर प्राप्त प्रकरणों का परीक्षण कर उनका निराकरण किया गया। दोहरे आवंटन संबंधी मामलों के निराकरण के लिए गठित समिति ने प्रत्येक प्रकरण का गुण-दोष के आधार पर परीक्षण कर अनुशंसा की। इसी क्रम में शारदा यादव को कौशिल्या माता विहार के सेक्टर 4 स्थित ईडब्लूएस 2बीएचके श्रेणी में ब्लॉक डी के फ्लैट 714 के स्थान पर उसी ब्लॉक का फ्लैट क्रमांक 713 आवंटित कर समायोजित किया। रायपुर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष नंद कुमार साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को समयबद्ध और सुगम प्रक्रिया से आवास उपलब्ध कराना रायपुर विकास प्राधिकरण की सर्वोच्च प्राथमिकता में शामिल है।









हरिभूमि लाइव

रायपुर, शुक्रवार 24 जुलाई 2026

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937

04



झुमके के लेटेस्ट डिजाइंस में पाएं...

## लाइव इवेंट

### बाल श्रमिकों के त्वरित रेस्क्यू, प्रभावी कार्रवाई और पुनर्वास को लेकर लिया निर्णय



रायपुर। छत्तीसगढ़ राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा छत्तीसगढ़ राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग रहीं। इस आयोजन में श्रम विभाग के अधिकारियों एवं संबंधित संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक में बाल श्रमिकों के त्वरित रेस्क्यू, प्रभावी कानूनी कार्रवाई, विभागीय समन्वय तथा समग्र पुनर्वास को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में आयोग अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा ने स्पष्ट निर्देश दिए कि रेस्क्यू किए गए प्रत्येक बाल श्रमिक को अनिवार्य रूप से बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जाए, ताकि किशोर न्याय अधिनियम के प्रावधानों के अनुरूप उनके संरक्षण, देखरेख और पुनर्वास की प्रक्रिया सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा कि किसी भी मुक्त बच्चे को केवल बचाव तक सीमित न रखते हुए उसे शिक्षा, सामाजिक सुरक्षा, कौशल विकास और सम्मानजनक जीवन से जोड़ना सभी विभागों की साझा जिम्मेदारी है।

#### वैधानिक प्रावधानों का सख्ती से पालन

बैठक में निर्णय लिया गया कि बालश्रम के मामलों में कार्रवाई केवल बाल एवं किशोर श्रम अधिनियम तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि प्रकरण की प्रकृति के अनुसार भारतीय न्याय संहिता, किशोर न्याय अधिनियम, बंधुआ मजदूरी प्रणाली अधिनियम तथा अन्य संबंधित कानूनों के तहत भी तत्काल एफआईआर दर्ज कर प्रभावी अभियोजन सुनिश्चित किया जाएगा। दोषी नियोजकों के विरुद्ध कड़ी दंडात्मक कार्रवाई तथा मुक्त कराए गए बच्चों के पुनर्वास संबंधी सभी वैधानिक प्रावधानों का सख्ती से पालन करने पर भी जोर दिया गया।

#### प्रत्येक जिले की बालश्रम टास्क फोर्स

बैठक में प्रत्येक जिले की बालश्रम टास्क फोर्स और बंधुआ मजदूरों के लिए गठित सतर्कता समिति के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर संयुक्त कार्रवाई करने पर सहमति बनी। साथ ही गृह, स्कूल शिक्षा, महिला एवं बाल विकास तथा कौशल विकास विभाग की भूमिका को और अधिक प्रभावी बनाने पर भी विस्तार से चर्चा हुई। आयोग ने सभी जिलों में श्रम अधिकारियों एवं श्रम निरीक्षकों के लिए बालश्रम उन्मूलन, विधिक कार्रवाई और पुनर्वास संबंधी विशेष प्रशिक्षण एवं नियमित समीक्षा बैठकें आयोजित करने तथा उनकी अनुपालन रिपोर्ट आयोग को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

● कमला देवी संगीत महाविद्यालय में मल्हार से कजरी तक सांगीतिक संध्या का आयोजन

# आई रे-आई रे सावन की ऋतु सुहानी... गीत बंदिशें, गजल और दादरा सुन झूम उठे श्रोतागण

*कमला देवी संगीत महाविद्यालय में 'मल्हार से कजरी' तक नामक सांगीतिक संध्या का आयोजन किया गया। वर्षा ऋतु पर आधारित इस कार्यक्रम में मास्टर ऑफ परफॉर्मिंग आर्ट्स अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों ने सुरों की रिमझिम बारिश से श्रोताओं का तन-मन भिगो दिया। संगीत के छात्र-छात्राओं ने अपनी मधुर आवाज़ में गाए गए गीतों और ग़ज़लों में वर्षा ऋतु के वास्तविक सौंदर्य को पिरोया।*



रायपुर। विद्यार्थियों ने राग, बंदिशें, कजरी, ग़ज़ल, दादरा और कवित्त की ऐसी प्रस्तुतियां दीं कि मानो सावन स्वयं संगीत बनकर सभागार में उतर आया हो। कार्यक्रम का शुभारंभ उर्वी वर्मा एवं वंदना साहू ने राग जयजयवंती के छोटे ख्याल दामिनी दमके डर मोहे लागे से किया। उनकी सधी हुई प्रस्तुति ने पूरे कार्यक्रम की गरिमा निर्धारित कर दी। तबले पर पायल भट्ट की संतुलित संगत ने प्रस्तुति को विशेष प्रभाव प्रदान किया। इसके पश्चात ईश्वरी साहू ने छत्तीसगढ़ी भाषा में निबद्ध राग मियां मल्हार की बंदिश 'झन छेक मोला बनवारी मोर सास ननद दिही रे गारी' प्रस्तुत कर यह सिद्ध किया कि लोकभाषा और शास्त्रीय संगीत का समन्वय कितना आकर्षक हो सकता है। तेजल पटेल ने डॉ. अनीता सेन द्वारा रचित 'घनघोर घटा छाई गगन में' को मधुर स्वर और सुंदर भावाभिव्यक्ति के साथ प्रस्तुत कर श्रोताओं का मन मोह लिया।



### सावन के विरह गीतों की मार्मिकता ने किया विभोर

संगीत संध्या में उपशास्त्रीय संगीत के अंतर्गत गोपिका साहू ने मिर्जापुरी कजरी नहीं आए सजना हमार सावनवा... को अत्यंत भावपूर्ण शैली में प्रस्तुत किया। गोपिका साहू प्रदेश के कई प्रतिष्ठित मंचों पर अपनी प्रभावशाली प्रस्तुतियों के कारण पहले से ही एक स्थापित युवा कलाकार के रूप में पहचान बना चुकी हैं। वहीं, साक्षी वर्मा ने कैसे खेलें जईबु सावन में कजरी... तथा श्वेता डंडे ने तुमको आने में, तुमको बुलाने में कई सावन बरस गए सजना... प्रस्तुत कर विरह और सावन के भावों को अत्यंत मार्मिकता से अभिव्यक्त किया।

### छात्र-छात्राओं ने गायन प्रतिभा से जीता मन

रागदारी गायन में वर्षा चतुर्वेदी ने पंडित रामाश्रय झा की सुप्रसिद्ध बंदिश बदरिया आई रे गरज घोर..., सलोनी मुंड ने रे पपीहरा अब घन गरजे... तथा नमिता गुप्ता ने रूम झूम कर आयो बदरिया... की आकर्षक प्रस्तुतियां देकर वर्षा ऋतु की संगीत परंपरा को जीवंत कर दिया। छात्र पप्पू यादव की एकताल में प्रस्तुत बंदिश आई रे आई रे सावन की ऋतु सुहानी... तथा वर्षा-वर्णन पर आधारित कवित्त की जुगलबंदी कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रही। लयकारी, संवाद शैली और मंचीय समन्वय ने श्रोताओं से खूब तालियां बटोरीं।

### वाद्ययंत्रों की जुगलबंदी ने बांधा समां

कार्यक्रम के प्रारंभ में विद्यार्थियों ने अपने गुरु डॉ. दीपक बेडेकर का सम्मान करते हुए कहा कि उनके सतत मार्गदर्शन, कठोर अनुशासन, निरंतर अभ्यास और संगीत के प्रति समर्पण ने ही विद्यार्थियों को मंच पर आत्मविश्वास और परिपक्वता के साथ प्रस्तुत होने योग्य बनाया है। गुरु सम्मान के पश्चात सांगीतिक प्रस्तुतियों का क्रम प्रारंभ हुआ। पूरे कार्यक्रम में हारमोनियम पर श्रुति विश्वास, नमिता गुप्ता, तेजल पटेल, गोपिका साहू एवं वर्षा चतुर्वेदी तथा तबले पर पायल भट्ट एवं हरि पटेल ने अत्यंत संवेदनशील, संतुलित और लयबद्ध संगत प्रदान कर सभी

## सिटी इवेंट

### वृद्धजन, दिव्यांगजन, महिलाओं और बच्चों के लिए सुरक्षित केयर इकोनॉमी की जरूरत




रायपुर। समाज कल्याण विभाग द्वारा सुचारु एवं सशक्त केयर इकोनॉमी के निर्माण विषय पर राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह आयोजन गुरुवार को सुबह 11 बजे जीई रोड स्थित सायजी हॉटल में किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ महिला एवं बाल विकास एवं समाज कल्याण मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े के मुख्य आतिथ्य में हुआ। मंत्री राजवाड़े ने कहा कि केयर इकोनॉमी केवल सामाजिक कल्याण नहीं, बल्कि विकसित भारत और विकसित छत्तीसगढ़ की आधारभूत आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि वृद्धजन, दिव्यांगजन, महिलाओं और बच्चों के लिए सम्मानजनक, सुरक्षित एवं समावेशी व्यवस्था तैयार करना समय की आवश्यकता है। केयर सेक्टर में निवेश से रोजगार के अवसर बढ़ते हैं, महिलाओं की कार्यभागीदारी सशक्त होती है और समाज अधिक संवेदनशील एवं समावेशी बनता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047 के संकल्प तथा मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार सामाजिक सुरक्षा, दिव्यांगजन कल्याण, वृद्धजन सेवाओं, पुनर्वास, कौशल विकास तथा महिला एवं बाल विकास से जुड़ी योजनाओं को प्रभावी ढंग से संचालित कर रही है। उन्होंने सभी विभागों से अभिसरण की भावना के साथ कार्य करते हुए मजबूत केयर इकोनॉमी के निर्माण का आह्वान किया। इस अवसर पर समाज कल्याण विभाग की सचिव शहला निगार, संचालक रणवीर शर्मा, राज्य आयुक्त दिव्यांगजन रामजीवन देवांगन सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी, विषय विशेषज्ञ, विकास सहयोगी संस्थाओं के प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में प्रतिभागी उपस्थित रहे।

#### तकनीकी सत्र में विशेषज्ञों ने दिए सुझाव

कार्यशाला के तकनीकी सत्रों में राष्ट्रीय समाज रक्षा संस्थान के डॉ. एसी रेड्डी ने विकसित भारत के निर्माण में केयर इकोनॉमी की केंद्रीय भूमिका पर व्याख्यान दिया। कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग के सचिव बसवराजु एस. ने केयर इकोनॉमी में रोजगार सृजन की संभावनाओं पर अपने विचार रखे। रायपुर के सीनियर कर्डियोलॉजिस्ट डॉ. स्मित श्रीवास्तव ने केयर इकोनॉमी मॉडल तथा वरिष्ठ नागरिकों के लिए पोषण के महत्व पर जानकारी दी। यूनिसेफ के विशेषज्ञ ने चाइल्ड केयर एंड प्रोटेक्शन पर प्रस्तुति दी, जबकि हेल्पएज इंडिया के प्रतिनिधियों ने राज्य में वृद्धजन देखभाल की वर्तमान स्थिति और भविष्य की संभावनाओं पर चर्चा की।

#### वृद्धजनों के प्रति संवेदनशील रहने की ली शपथ

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अतिथियों एवं प्रतिभागियों ने नशामुक्त भारत अभियान के अंतर्गत नशामुक्त समाज के निर्माण, वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान एवं उनकी देखभाल का सामूहिक संकल्प लिया। सभी ने यह शपथ भी ली कि वे वृद्धजनों के प्रति संवेदनशील रहेंगे, उनके सम्मान, सुरक्षा एवं स्वास्थ्य का ध्यान रखेंगे तथा समाज में सकारात्मक वातावरण के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएंगे।

## बेटियों की शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने और उन्हें आगे बढ़ाने हर संभव अवसर उपलब्ध कराने दिया जोर



रायपुर। महिला एवं बाल विकास विभाग के सहयोग से गोल्डन एम्पथी फाउंडेशन ने बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के अंतर्गत जागरूकता एवं शैक्षणिक सहायता कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं को शिक्षा के प्रति प्रेरित करना, उनके आत्मविश्वास को बढ़ाना तथा समाज में बेटियों की शिक्षा और सशक्तिकरण के प्रति सकारात्मक संदेश देना था। इस दौरान अभिभावकों को बेटियों की शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने और उन्हें आगे बढ़ाने के लिए हर संभव अवसर उपलब्ध कराने की बातें कही। इस दौरान विद्यालय में प्रवेश लेने वाली बालिकाओं को नोटबुक एवं अन्य शैक्षणिक सामग्री वितरित की गई।

#### शिक्षा का अमूल्य धन जीवन भर व्यक्ति के साथ

फाउंडेशन के संस्थापक प्रदीप पिल्लई ने अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षा ही स्त्री का सबसे बड़ा धन है। उन्होंने कहा कि धन-संपत्ति समय के साथ समाप्त हो सकती है, लेकिन शिक्षा ऐसा अमूल्य धन है जो जीवन भर व्यक्ति के साथ रहता है और उसे आत्मनिर्भर, आत्मविश्वासी तथा सम्मानजनक जीवन जीने की शक्ति प्रदान करता है। उन्होंने अभिभावकों से आग्रह किया कि वे बेटियों की शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दें और उन्हें आगे बढ़ने के लिए हर संभव अवसर उपलब्ध कराएं। उन्होंने यह भी कहा कि फाउंडेशन शिक्षा, महिला सशक्तिकरण, स्वास्थ्य एवं सामाजिक विकास के क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रहा है तथा भविष्य में भी समाज के वंचित एवं जरूरतमंद वर्गों के लिए ऐसे जनकल्याणकारी कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा।

## मानसिक स्वास्थ्य शोधपत्रों की स्मारिका 'होप' का विमोचन, नीति निर्माण पर दिया गया जोर



रायपुर। संत गोबिंदराम शदाणी शासकीय कला एवं वाणिज्य कन्या महाविद्यालय, देवेंद्र नगर में बुधवार को 'मानसिक स्वास्थ्य एवं कल्याण' विषयक शोधपत्रों की स्मारिका 'होप' का विमोचन किया गया। समारोह में रायपुर उत्तर के विधायक पुरंदर मिश्रा विशिष्ट अतिथि एवं रायपुर नगर निगम की महापौर मीनल चौबे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में उच्च शिक्षा संचालनालय के अपर संचालक डॉ. तपेश चंद्र गुप्ता की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. उषा किरण अग्रवाल ने की। विधायक पुरंदर मिश्रा ने मानसिक स्वास्थ्य के साथ स्वच्छता अभियान और बुजुर्गों की सेवा पर जोर दिया। वहीं, महापौर मीनल चौबे ने कहा कि वर्तमान समय में मानसिक स्वास्थ्य सबसे ज्वलंत विषय है और इस दिशा में नीति बनाए जाने की आवश्यकता है। प्राचार्य डॉ. उषा किरण अग्रवाल ने महाविद्यालय की उपलब्धियों से अतिथियों को अवगत कराया। संगोष्ठी के आयोजन सचिव डॉ. तरुण पदमवार ने बताया कि मानसिक स्वास्थ्य एवं कल्याण विषयक संगोष्ठी में 170 महाविद्यालयों के 450 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया था। संगोष्ठी के दौरान मेंटल हेल्थ टेस्ट भी आयोजित किया गया था। कार्यक्रम का संचालन डॉ. वैशाली गौतम हिरवे तथा आभार प्रदर्शन डॉ. मनोज कुमार राव ने किया।

मैक्रम आर्ट्स से वॉल हैंगिंग, मिरर फ्रेम, फ्लॉवर पॉट और शोपीस जैसे सजावटी सामान बना रहीं

# हस्तकला बनी वुमन्स की नई हॉबी, त्योहारी सीजन में घरों को सजाने तैयार कर रहीं डेकोरेटिव आयटम्स

कार्नर न्यूज

रायपुर। घरों को सजाने के लिए इस्तेमाल की जाने वाली हैंडीक्राफ्टेड सामग्री तैयार करना गर्ल्स को बेहद पसंद होता है। यही वजह है कि मैक्रम आर्ट को लेकर गर्ल्स में इसका क्रेज तेजी से बढ़ रहा है। आज हर घर में नई जनरेशन की गर्ल्स मैक्रम आर्ट का प्रशिक्षण लेकर तरह-तरह के होम डेकोरेटिव आइटम तैयार कर रही हैं। शहर की मैक्रम कला की आर्टिस्ट और प्रशिक्षक पूजा अग्रवाल का कहना है कि ऊन या दूसरी क्रॉफ्टेड रस्सियों में गांठ बांधकर या उनकी बुनाई करके अलग-अलग तरह के डेकोरेटिव आइटम जैसे वॉल हैंगिंग, मिरर फ्रेम, फ्लावर पॉट और अन्य शोपीस तैयार किए जाते हैं। ये घर में नेचुरल लुक क्रिएट करने में मदद करते हैं। खासकर जो लोग अपने घर को बोहो लुक देना चाहते हैं, उनके लिए ये परफेक्ट हैं। ये एक प्रकार की हस्तकला है, जिसमें धागे एवं रस्सियों के प्रयोग से गांठें बनाई जाती हैं। रस्सियों में गांठ बनाकर या बुनाई करके डेकोरेटिव आइटम और फंक्शनल आइटम बनाए जाते हैं। इनकी मदद से अलग-अलग प्रकार के पैटर्न और डिजाइन बनाई जाती हैं। घर की बाल्कनी, कमरे या लिविंग एरिया का अट्रेक्शन बढ़ाने नेचुरल हाईक्वालिटी कॉटन से तैयार किए जाने वाले हैंडमेड, इको फ्रेंडली, ड्यूरेबल डेकोरेटिव आइटम नेचर से कनेक्ट करते हैं। अगर आप बोहो स्टाइल होम डेकोर करना चाहते हैं तो ये आपके लिए परफेक्ट ऑप्शन है। मैक्रम आर्टिस्ट के मुताबिक, इस आर्ट को सीखकर अपने घरों के अलावा मार्केट में सेल के लिए भी डेकोरिटिव आयटम तैयार किए जा सकते हैं। इस आट्र्स से बने होम डेकोरेटिव आयटम की अच्छी डिमांड है।



#### पॉजिटिविटी को करते हैं अट्रेक्ट

इस आर्ट से तैयार होम डेकोरेटिव आयटम सुंदरता बढ़ाने के साथ-साथ पॉजिटिविटी को भी अट्रेक्ट करते हैं। साथ ही ये एक यूनिक गिफ्टिंग आइटम है, जो लोगों को बेहद पसंद आता है। वॉल हैंगिंग एक प्रीमियम डेकोरेट आइटम है, जिसे आप अपने कमरे, लिविंग रूम या बाल्कनी की दीवारों को डेकोरेट करने के लिए इस्तेमाल कर सकते हैं। इस आट्र्स को होम डेकोरेशन में अहम माना जाता है।



#### दीवारों के आकर्षण में लग जाएंगे चार-चांद

वॉल हैंगिंग डेकोर आइटम से घरों की दीवारों के आकर्षण में चार-चांद लग जाएंगे। ये हैंडमेड वॉल डेकोर फेदर के साथ वुडन बीड्स लगाकर अट्रेक्टिव बन जाते हैं। हरे, सफेद रंग के काम्बिनेशन में परफेक्ट वॉल डेकोर है, जो सभी का ध्यान अपनी ओर आकर्षित करते हैं। इसके अलावा फ्लॉवर पॉट और प्लांट्स को डेकोरेट करने के लिए एक परफेक्ट वॉल हैंगिंग है। वहीं आप चाहे तो इस पर अन्य डेकोरेटिव आइटम भी सजा सकते हैं।



सिटी लाइव

## बारिश में जरूरतमंद श्रमिकों और छोटे व्यवसायियों को बांटी निःशुल्क छतरियां



**रायपुर।** मानसून के दौरान समाजसेवा की पहल करते हुए पूज्य सिविल लाइंस सिंधी पंचायत ने बुधवार को शहर के विभिन्न क्षेत्रों में जरूरतमंद श्रमिकों और छोटे व्यवसायियों को निःशुल्क छतरियों का वितरण किया। एमजी रोड, कटोरा तालाब, राजेंद्र नगर और मरीन ड्राइव क्षेत्र में मजदूरों, सब्जी विक्रेताओं, ठेला एवं गुमटी संचालकों को छतरियां प्रदान की गईं, ताकि वर्षा के मौसम में उन्हें राहत मिल सके। पंचायत के अध्यक्ष संजय जयसिंग और महासचिव मोहन वर्ल्यानी ने बताया कि संस्था हमेशा जरूरतमंद एवं वंचित वर्ग की सेवा के लिए प्रतिबद्ध रही है।

### जनकल्याण से जुड़े सेवा कार्यों को जारी रखेगी निरंतर

वर्षा ऋतु में खुले आसमान के नीचे काम करने वाले श्रमिकों और छोटे व्यवसायियों को सबसे अधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में उनकी छोटी-सी सहायता भी उनके लिए बड़ा सहारा बन सकती है। पूज्य सिविल लाइंस सिंधी पंचायत आगे भी शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण और जनकल्याण से जुड़े सेवा कार्यों को निरंतर जारी रखेगी। छतरी वितरण अभियान के दौरान लाभार्थियों ने पंचायत के इस प्रयास की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर जय आर्य, संजय जादवानी, राजेश गिदवानी, विशाल नारंग, सुशील दरिया, चंदन परवानी और धनेश मटलानी सहित पंचायत के अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम की जानकारी मीडिया प्रभारी जतिन नचरानी ने दी।

सिटी लाइव

## प्रथम दादा गुरुदेव जिनदत्त सूरीजी स्वर्गारोहण महोत्सव कल

**रायपुर।** आत्म उत्क्रांति आध्यात्मिक चातुर्मास-2026 के अंतर्गत श्री ऋषभदेव मंदिर ट्रस्ट एवं अखिल भारतीय खरतरगच्छ युवा परिषद, रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में प्रथम दादा गुरुदेव आचार्य श्री जिनदत्त सूरीजी का स्वर्गारोहण महोत्सव 25 जुलाई (शनिवार) को जैन दादाबाड़ी, एमजी रोड में आयोजित किया जाएगा। आयोजकों के अनुसार कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 8:45 बजे प्रवचन मंडप में गुणानुवाद सभा से होगी। इसके बाद सुबह 10:36 बजे दादाबाड़ी परिसर में दादा गुरुदेव पूजा संपन्न होगी। पूजा के उपरांत श्रद्धालुओं को गुरुप्रसादी का लाभ भी प्रदान किया जाएगा।



### धार्मिक श्रृंखला का महत्वपूर्ण हिस्सा है

महोत्सव पूज्य प्रवचन प्रभाविका साध्वी मंजुला श्रीजी महाराज साहिबा आदि ठाणा की पावन निश्रा में आयोजित होगा। आयोजन समिति ने समाज के सभी श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्मलाभ लेने की अपील की है। समिति के अनुसार यह आयोजन आत्म उत्क्रांति आध्यात्मिक चातुर्मास-2026 की धार्मिक श्रृंखला का महत्वपूर्ण हिस्सा है। श्री ऋषभदेव मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष विजय कांकरिया, कार्यकारी अध्यक्ष अभय भंसाली तथा चातुर्मास समिति के अध्यक्ष बसंत लोढ़ा सहित पदाधिकारियों ने श्रद्धालुओं से समय पर पहुंचकर आयोजन को सफल बनाने का आग्रह किया है।

सिटी लाइव

## प्रेरणा-लायन्स डिस्ट्रिक्ट शपथ ग्रहण 25 से, कैबिनेट मीटिंग



**रायपुर।** लायन्स क्लब इंटरनेशनल के डिस्ट्रिक्ट 3233 सी सत्र 2026-27 के लिए बनाए गए डिस्ट्रिक्ट कैबिनेट का वृहद शपथ ग्रहण समारोह और प्रथम कैबिनेट मीटिंग 25 और 26 जुलाई को होटल बेबीलॉन कैपिटल में आयोजित की जा रही है। इस सत्र के लिए डि. गवर्नर एमजेएफ लायन रिपुदमन पुसरी, प्रथम वाइस डि. गर्वनर. पवन मलिक द्वितीय वाइस गर्वनर. अनिल अग्रवाल एवं निवृतमान गवर्नर विजय अग्रवाल हैं। इनके अलावा कैबिनेट सेक्रेट्रिज़, कैबिनेट कोषाध्यक्ष, डिस्टट्रिक्स गवर्नर टीम, माइक्रो केबिनेट, रीजन चेयरपर्सन्स, जोन चेयरपर्सन्स और डिस्ट्रिक्स चेयरपर्सन्स का शपथ ग्रहण होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि निवृतमान अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष एवं एलसीआईएफ चेयरपर्सन एपी सिंह होंगे। उन्होंने लायनवाद के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का मान-सम्मान बढ़ाया है। यह जानकारी गुरुवार को पत्रकार वार्ता में डॉ. अरविंद नेरल ने दी। उन्होंने बताया कि आयोजन को सफल बनाने की तैयारी को अंतिम रूप दिया गया है।

### अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विभूषित पदाधिकारी समारोह में होंगे शामिल

उन्होंने बताया कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विभूषित कई पदाधिकारी समारोह में शिरकत करेंगे। इनमें सर्व.पी.आई.डी. कोलकाता से लायन संगीता जटिया, दिल्ली से लायन जेपी सिंह, सिलीगुड़ी से लायन जी.एस. होरा, दिल्ली से अरुणा ओसवाल, जयपुर से लायन विनोद लाडिया, पुणे से द्वारका जालान, मुंबई से लायन राजू मनवानी, इंदौर से मल्टीपल कौंसिल चेयरपर्सन कुलभूषण मित्तल, मनीष शाह और प्रवीण वशिष्ठ शामिल होंगे। इस लायन्स डिस्ट्रिक्ट 3233 सी में सम्पूर्ण छत्तीसगढ़, महाकौशल और विन्ध्य क्षेत्र के 152 क्लबों के 3240 से अधिक लायन सदस्य जुड़े हैं। इस समारोह में लगभग 400 प्रतिनिधि भाग लेने वाले हैं। दो दिनों तक प्रशिक्षण सेमिनार और कार्यशालाएं आयोजित की जा रही हैं।

शहर के शिवालयों में पहले सोमवार का श्रृंगार होगा थीम बेस्ड, कई मंदिरों में गुरु पूर्णिमा को लेकर भी तैयारी

# सावन से पहले सजने लगे शिवालय, इस महीने में सूर्य और चन्द्र ग्रहण अदृश्य रहेंगे, इसलिए बंद नहीं होंगे मंदिरों के पट

इस वर्ष सावन माह का आगाज 30 जुलाई से होने जा रहा है। पहले सोमवार से जहां शिवालयों में उत्सव का माहौल बनेगा, वहीं कांवरियों का दल भी पहले सोमवार से ही महादेवघाट में जलाभिषेक करने पहुंचने वाला है। इसे देखते हुए तैयारियों का सिलसिला शुरू हो गया है। मंदिरों को रंगीन रोशनी से सजाया जा रहा है। इतना ही नहीं, पहले सोमवार को दर्शन के लिए आने वाले भक्तों को महादेव किस श्रृंगार में नजर आएंगे, यह भी ज्यादातर शिवालयों ने तय किया है।इसके साथ ही सावन में सूर्य ग्रहण और आंशिक चन्द्र ग्रहण भी पड़ने वाला है, लेकिन यह भारत में अदृश्य होने से प्रभावी नहीं होगा। इसके चलते मंदिरों के पट बंद नहीं होंगे।







**रायपुर।** खारून तट पर महादेवघाट स्थित हाटकेश्वर नाथ मंदिर को आकर्षक लुक दिया जा रहा है। रंगाई-पोताई के बाद झालर लाइट लगाने का सिलसिला गुरुपूर्णिमा से शुरू होगा। सावन उत्सव के लिए मंदिर सज चुका है। कांवर लेकर आने वाले कांवरियों को अलग से सुविधा और व्यवस्था दी जाएगी। सेवा को सुचारू रूप से चलाने के लिए भक्तों को जिम्मेदारी दी गई है। कांवरिए पहले सोमवार से जल अभिषेक का संकल्प लेकर पहुंचेंगे। इसे देखते हुए बिलासपुर मार्ग पर स्थित बंजारेश्वर महादेव को भी सजाने-संवारने और रंगीन लाइटों से रोशन करने की प्रक्रिया जारी है। हर साल सावन में हजारों भक्त दर्शन करने के लिए पहुंचते हैं। पं.रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय परिसर स्थित शिव मंदिर में दर्शन करने के लिए सैकड़ों श्रद्धालु पहुंचते हैं। पंडितों की माने तो इस सावन में दो ग्रहण भी लगेंगे, लेकिन इनका प्रभाव आस्था पर नहीं पड़ेगा।

### 28 अगस्त को आंशिक चंद्र ग्रहण लगेगा

इस बार रक्षाबंधन 28 अगस्त को मनाया जाएगा। इस दिन ही साल का आखिरी आंशिक चंद्र ग्रहण लगने जा रहा है। भारतीय समय के अनुसार सुबह 06:53 बजे से दोपहर 12:31 बजे तक यह प्रभाली रहेगा। लेकिन, राहत की बात यह है कि यह चंद्र ग्रहण भी भारत में कहीं भी दिखाई नहीं देगा, क्योंकि इस अवधि के दौरान भारत में चंद्रमा क्षितिज से नीचे रहेगा। इसके चलते श्रद्धालुओं के लिए सूतक मान्य नहीं रहेगा।

### सावन में दो ग्रहण, पर व्रतों पर प्रभाव नहीं

भगवान शिव की उपासना धार्मिक दृष्टि से अत्यंत पवित्र माना जाता है। पं. मनोज शुक्ला ने बताया कि हिंदू पंचांग के तहत इस साल सावन का महीना 30 जुलाई से शुरू होगा और 28 अगस्त तक प्रभावी रहेगा। खगोलीय और ज्योतिषीय दृष्टि से अगस्त 2026 का महीना बेहद हलचल भरा रहेगा, क्योंकि इस दौरान एक सूर्य ग्रहण और एक चंद्र ग्रहण लगने जा रहा है। 12 अगस्त को पूर्ण सूर्य ग्रहण की घटना होगी। यह सूर्य ग्रहण भारत में दिखाई नहीं देगा। ज्योतिष शास्त्र के नियमों के अनुसार, जो ग्रहण जहां दिखाई नहीं देता, वहां उसका कोई सूतक काल मान्य नहीं होता। इसलिए, भारत में इस दिन सभी धार्मिक कार्य और पूजा-पाठ सामान्य रूप से चलते रहेंगे।

### भक्तों को बरसात से बचाएगा वाटरप्रूफ पंडाल

मठपारा में श्री हर नीलकंठेश्वर मंदिर को रंगीन लाइटों से सजाने का क्रम गुरु पूर्णिमा से शुरू होगा। साथ ही दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को सुविधा देने के लिए वाटरफ्रूफ पंडाल सजाया जा रहा है। पहले सोमवार को शिवजी का चांदी के आभूषणों से श्रृंगार किया जाएगा। सावन के पहले रविवार से ही श्रद्धालुओं को पूजा और अभिषेक की सुविधा देने के लिए व्यवस्थागत तैयारी करने की जानकारी मंदिर समिति के प्रमुख मनोज वर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि सोमवार को श्रद्धालुओं को नीलकंठेश्वर महादेव अलग स्वरूप में दर्शन देंगे।

### फूलों से किया जाएगा हाटकेश्वर नाथ का श्रृंगार

श्री हाटकेश्वर नाथ के संदर्भ में महंत सुरेश गिरी गोस्वामी ने बताया कि मंदिर का गर्भगृह सजाने-संवारने का काम सावन का आगाज होते ही शुरू हो जाएगा। यहां सावन में रविवार और सोमवार को भक्तों का मेला लगता है। दिनभर दर्शन व अभिषेक करने वालों का तांता लगता है। इस साल महादेवघाट के पास निगम ने व्यवस्था बहाली के लिए जायजा लिया है। इस बार भी सुरक्षा के लिहाज से पुलिस बल का सहयोग लिया जाएगा। पहले सोमवार पर भगवान महादेव का फूलों से श्रीगणेश के रूप में श्रृंगार करने की तैयारी है।

## चरित्र ही जीवन का वास्तविक धन, सट्टा-जुआ नहीं, विवेकपूर्ण व्यापार करें: मुनि आगम सागर



**रायपुर।** मालवीय रोड स्थित श्री दिगम्बर जैन बड़ा मंदिर में श्री नवोदय वर्षायोग के अंतर्गत आषाढ़ अष्टान्हिका पर्व का तीसरा दिन अत्यंत भक्तिभाव एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। श्री नवोदय तीर्थ वर्षायोग समिति के अध्यक्ष नरेंद्र जैन गुरुकृपा एवं कार्यकारी अध्यक्ष संजय नायक जैन ने बताया कि गुरुवार सुबह 8 बजे मूलनायक भगवान आदिनाथ के समक्ष भव्य अभिषेक एवं रिद्धि-सिद्धि प्रदाता शांतिधारा का आयोजन संपन्न हुआ। पूज्य मुनि श्री 108 आगम सागर जी महाराज महाराज ससंघ के पावन सानिध्य में मुनि आगम सागर महाराज के मुखारविन्द से मंत्रोच्चारित चमत्कारिक शांतिधारा करने का परम सौभाग्य बासवाड़ा राजस्थान निवासी अजीत जैन एवं प्रतीक जैन परिवार को प्राप्त हुआ। सुबह 8.30 बजे आयोजित धर्मसभा को संबोधित करते हुए मुनि श्री 108 आगम सागर जी महाराज ने अपने ओजस्वी प्रवचन में समाज एवं जीवन से जुड़े कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर मार्गदर्शन दिया। मुनिश्री ने कहा कि यदि धन गया तो कुछ नहीं गया, तन गया तो थोड़ा सा गया, लेकिन यदि चरित्र चला गया तो समझो सब कुछ नष्ट हो गया। जीवन में नैतिकता और चरित्र सबसे बड़ा धन है। व्यापार के स्वरूप पर प्रकाश डालते हुए मुनिश्री ने सचेत किया कि इंटरनेट पर जुए और सट्टे की तरह व्यापार न करें।

### भक्तिभाव के साथ धर्मप्रेमियों का लगा तांता

प्रवचन एवं धर्मलाभ के उपरांत मुनि ससंघ की आहार चर्या समस्त जैन समाज द्वारा अत्यंत भक्तिभाव के साथ संपन्न कराई गई। कार्यक्रम में नवोदय वर्षायोग समिति के पदाधिकारियों, श्री दिगंबर जैन बड़ा मंदिर ट्रस्ट के ट्रस्टियों, कार्यकारिणी सदस्यों सहित शहर एवं आसपास के क्षेत्रों से आए सैकड़ों धर्मप्रेमी बंधुओं की गरिमामयी उपस्थिति रही। आयोजकों ने सभी धर्मप्रेमी जनता से अष्टान्हिका पर्व के दौरान प्रतिदिन होने वाले इन धार्मिक अनुष्ठानों में सम्मिलित होकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।

## समाज गौरव समिति ने उत्कृष्ट सेवा देने वाले दस महिलाओं का किया सम्मान



**रायपुर।** सिविल लाइन स्थित वृन्दावन हॉल में समाज गौरव विकास समिति के तत्वावधान में समाज सेवा अलंकरण सम्मान समारोह का भव्य एवं गरिमामय आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ भगवान श्री गणेश की पूजा-अर्चना एवं दीप प्रज्ज्वलन से किया गया। इसमें सभी अतिथियों का तिलक लगाकर आत्मीय स्वागत किया गया। डॉ. सरिता साहू ने मधुर स्वागत गीत की प्रस्तुति देकर सभागार में मौजूद लोगों को भावविभोर किया। इस अवसर पर समाज गौरव विकास समिति द्वारा प्रकाशित विशेष पुस्तक 'सामाजिक प्रतिभा अभिनंदनावली' का विधिवत लोकार्पण किया गया। पुस्तक के लेखक डॉ. सुखदेव राम साहू 'सरस' ने बताया कि विशेषांक में समाज के 251 विशिष्ट व्यक्तित्वों के जीवन, उपलब्धियों एवं प्रेरणादायी कार्यों का संकलन किया गया है। इससे नई पीढ़ी को समाज की प्रतिभाओं से प्रेरणा मिलेगी। समारोह में समाज के विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े लोगों, समाजसेवियों, शिक्षाविदों, बुद्धिजीवियों एवं बड़ी संख्या में समाज के लोगों की उपस्थिति रही।

### प्रतिभाओं को पहचान दिलाने किया गया सम्मानित

डॉ. सुखदेव राम साहू 'सरस' ने आयोजन के उद्देश्य को लेकर कहा कि समाज में समरसता, सम्मान और प्रेरणा की भावना को सुदृढ़ करने के लिए ऐसे आयोजनों की आवश्यकता है। समाज की प्रतिभाओं को पहचान दिलाने और उनके योगदान को सम्मानित करने की प्रतिबद्धता भी व्यक्त की। सामाजिक उत्थान के क्षेत्र में योगदान देने वाली 10 महिलाओं को समाज सेवा अलंकरण सम्मान से नवाजा गया। इसके अलावा उत्कृष्ट सामाजिक कार्यों के लिए 6 समितियों को विशेष सम्मान प्रदान किया गया। वहीं, छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. ममता साहू, विधायक मोतीलाल साहू, पद्मश्री डोमार सिंह साहू 'कुंवर', चित्ररेखा साहू, स्वागत अध्यक्ष डॉ. सोमनाथ साहू, लक्ष्मीनारायण साहू, घनश्याम प्रसाद साहू सहित अतिथियों ने संबोधित किया। मंच संचालन डॉ. ऋतुराज साहू ने किया।

भगवान जगन्नाथ प्रभु नौ दिन मौसी के घर विश्राम करने के बाद कल लौटेंगे श्रीधाम

# प्रभु जगन्नाथ का मौसी गुंडिचा के घर में नियमित पूजा-आरती, दर्शन करने के लिए पहुंच रहे भक्त

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** प्रभु जगन्नाथ, भगवान बलभद्र और देवी सुभद्रा की आस्था का रंग अब मौसी रानी गुंडिचा के घर में भी चढ़ने लगा है। टूरी हटरी, सदर बाजार, बढ़ईपारा एवं लिली चौक सहित सभी आयोजकों द्वारा जिस स्थान पर गुरुवार की शाम रथयात्रा को विश्राम दिया, उसे गुंडिचा का घर मान्यता के तहत तय किया। जहां तीनों भाई-बहन की नियमित पूजा-आरती का नियम किया जा रहा है। दर्शन के लिए आसपास रहने वाले भक्त परिवार भी पहुंच रहे हैं। वहीं, सभी रथयात्रा आयोजन से जुड़े जिम्मेदारों के मार्गदर्शन में 25 जुलाई को बाहुणा रथयात्रा निकाली जाएगी। इसके साथ ही भगवान जगन्नाथ अपने श्रीधाम लौटेंगे। श्री जगन्नाथ सेवा समिति ने गायत्री नगर के आयोजन की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए यह रथयात्रा निकाली, जिसके उपरांत महाप्रभु विश्राम करने अपनी मौसी के घर पहुंचे।





### गर्भगृह में नहीं, बल्कि मौसी के घर में दे रहे दर्शन

श्री जगन्नाथ सेवा समिति के अध्यक्ष एवं उत्तर क्षेत्र के विधायक पुरंदर मिश्रा ने बताया कि भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा समरसता, सेवा, समानता और लोकमंगल का महापर्व है। महाप्रभु का मौसी के घर आगमन यह संदेश देता है कि भगवान अपने सभी भक्तों के घर और हृदय में समान भाव से विराजमान होते हैं। प्रतिदिन की जाने वाली आरती-पूजन में आसपास के लोग भी परिवार के साथ शामिल होते हैं। इस तरह का अवसर भक्तों को सालभर में सिर्फ रथयात्रा के समय ही मिलता है, जब प्रभु जगन्नाथ गर्भगृह में नहीं, बल्कि मौसी के सामान्य अतिथि के रूप में दर्शन देते हैं। इसके चलते मौसी रानी गुड़िचा के निवास क्षेत्र में रहने वाले भक्त दर्शन करने पहुंचते हैं।

### कल रथ पर सवार होकर निकलेंगे प्रभु

शहर के सभी जगन्नाथ मंदिरों में 24 एवं 25 जुलाई को एक बार फिर उत्सव का माहौल बनने वाला है। रथयात्रा की तर्ज पर प्रभु जगन्नाथ, भगवान बलभद्र और देवी सुभद्रा रथ पर सवार होकर मौसी के घर से अपने श्रीधाम लौटेंगे। जिस दिन भगवान की वापसी होती है, उसी तिथि से देवशयनी एकादशी का शुभारंभ होता है, जो लगातार चार महीने तक प्रभावी रहता है। इसके चलते शुभ कार्य करने की बजाय लोग देव आराधना में समय बिताते हैं। पं. संजय जोशी, पं. मोहित पुजारी, पं. तिलक दास ने बताया कि रथयात्रा का आयोजन करने वाली ज्यादातर समितियों द्वारा बाहुणा रथयात्रा का आयोजन 25 जुलाई को किया जाएगा। इसके लिए तैयारी शुरू की गई है।

## हेल्थ टिप्स

## आंत के बैक्टीरिया से मस्तिष्क का है सीधा संबंध, जानिए सब कुछ




हमारा मस्तिष्क और हमारा पेट दोनों ही शरीर के सबसे महत्वपूर्ण अंगों में से एक हैं। बहुत कम लोगों को मालूम है कि हमारा मस्तिष्क का हमारे पेट से बहुत गहरा संबंध है। आंत के बैक्टीरिया हमारे मस्तिष्क को सीधे प्रभावित करते हैं।

हमारा शरीर एक जटिल तंत्र है, जहां हर अंग एक-दूसरे से जुड़ा हुआ है। इनमें मस्तिष्क और पेट का संबंध सबसे महत्वपूर्ण संबंधों में से एक है। हालांकि ज्यादातर लोग सोचते हैं कि पेट का काम सिर्फ खाना पचाना है, पर बहुत कम लोगों को यह मालूम है कि हमारे मस्तिष्क का हमारे पेट से बहुत गहरा और सीधा संबंध है।

हमारा पेट सिर्फ भोजन पचाने का काम नहीं करता, बल्कि यह अरबों सूक्ष्मजीवों (माइक्रोब्स) का घर भी है, जिन्हें सामूहिक रूप से आंत माइक्रोबायोम कहते हैं। ये बैक्टीरिया हमारे शरीर का एक जरूरी हिस्सा हैं। ध्यान देने वाली बात यह है कि ये आंत के बैक्टीरिया हमारे मस्तिष्क के साथ लगातार संवाद करते हैं। यह संवाद सिर्फ हमारे शारीरिक स्वास्थ्य को ही नहीं, बल्कि हमारे मानसिक स्वास्थ्य, हमारी भावनाओं, मूड और यहां तक कि सोचने-समझने की क्षमता को भी प्रभावित करता है। यह संबंध जितना हम सोचते हैं, उससे कहीं अधिक गहरा और प्रभावशाली है। आइए इस लेख में इसी के बारे में जानते हैं, साथ ही ये भी जानेंगे कि हमारे आंत के बैक्टीरिया हमारे मस्तिष्क को कैसे कंट्रोल करते हैं।

### आंत और मस्तिष्क में संवाद के तरीके

आंत और मस्तिष्क के बीच का संवाद कई तरीकों से हो सकता है। सबसे पहला वेगस तंत्रिका एक सीधा रास्ता है, जो पेट से दिमाग और दिमाग से पेट तक संदेश ले जाती है, जिससे दोनों



आपस में जुड़े रहते हैं। इसके अलावा, आंत के बैक्टीरिया कई रासायनिक संदेशवाहक (न्यूरोट्रांसमीटर) बनाते हैं, जैसे सेरोटोनिन, जिसका 90% हिस्सा पेट में ही बनता है।

ये रसायन हमारे मूड, नींद और भूख पर असर डालते हैं। साथ ही, आंत का स्वास्थ्य सीधे हमारी प्रतिरक्षा प्रणाली को भी प्रभावित करता है, आंत में असंतुलन होने पर सूजन बढ़ती है, जो दिमाग और मानसिक सेहत पर बुरा असर डाल सकती है।

### आंत के बैक्टीरिया मानसिक स्वास्थ्य और मूड को कैसे प्रभावित करते हैं?

आंत माइक्रोबायोम का असंतुलन, जिसे डिसबायोसिस कहते हैं, चिंता और डिप्रेशन के बढ़ते जोखिम या गंभीरता से जुड़ा हुआ है। एक अस्वस्थ आंत से शरीर में सूजन बढ़ सकती है और न्यूरोट्रांसमीटर का उत्पादन बाधित हो सकता है, जिससे मूड पर नकारात्मक असर पड़ता है। आंत के बैक्टीरिया शरीर की तनाव प्रतिक्रिया को भी प्रभावित करते हैं। एक स्वस्थ आंत माइक्रोबायोम आपको तनाव के प्रति अधिक लचीला बना सकता है। इसके अलावा, आंत का संतुलन याददाश्त, सीखने की क्षमता और समग्र संज्ञानात्मक कार्य को बेहतर बनाने में भी मदद कर सकता है। नींद के पैटर्न भी आंत के स्वास्थ्य से जुड़े होते हैं। हमारे आंत के बैक्टीरिया का संतुलन कई चीजों से प्रभावित होता है। खराब डाइट जिसमें प्रोसेस्ड फूड, ज़्यादा चीनी और कम फाइबर हो, अच्छे बैक्टीरिया को नुकसान पहुंचाती है। एंटीबायोटिक्स भी अच्छे-बुरे दोनों बैक्टीरिया को खत्म कर देती हैं। इसके अलावा, लगातार तनाव और नींद की कमी भी आंत के



माइक्रोबायोम को नकारात्मक रूप से बदल सकती है। वहीं, आंत के बैक्टीरिया के लिए संतुलित आहार (फाइबर, फल, सब्जियां), प्रोबायोटिक्स (दही) वाले फूड्स बहुत फायदेमंद होते हैं। नियमित व्यायाम और तनाव प्रबंधन भी आंत में बैक्टीरिया की विविधता और स्वास्थ्य को बढ़ावा देते हैं।

### स्वस्थ आंत के लिए अपनाएं ये आदतें

अपने दिमाग को स्वस्थ रखने के लिए अपनी आंत का ख्याल रखना बहुत जरूरी है। इसके लिए अपनी डाइट में फर्मेंटेड फूड्स जैसे दही, छाछ, किमची, और सॉवरक्रॉट को शामिल करें। फाइबर से भरपूर फल, सब्जियां, दालें और साबुत अनाज का सेवन बढ़ाएं। प्रोसेस्ड फूड्स और चीनी का सेवन सीमित करें। नियमित रूप से व्यायाम करें, पर्याप्त नींद लें और तनाव कम करने के लिए योग या ध्यान जैसी तकनीकों को अपनाएं।

### बच्चों में एंटीबायोटिक दवाओं के प्रति बढ़ता प्रतिरोध बना दुनिया के लिए चुनौती

# बच्चों को बार-बार दे रहे हैं एंटीबायोटिक दवाएं तो जानलेवा समस्याएं बन जाएंगी बिन बुलाई मेहमान

दुनियाभर में बच्चों में एंटीबायोटिक दवाओं के प्रति बढ़ता प्रतिरोध वैश्विक स्वास्थ्य व्यवस्था के लिए नई चुनौती बन रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि यदि एंटीबायोटिक दवाओं के अनियंत्रित और गलत इस्तेमाल पर रोक नहीं लगी तो आने वाले वर्षों में सामान्य संक्रमणों का इलाज भी बेहद कठिन हो सकता है। कई अध्ययन इस बात को लेकर लगातार अलर्ट करते रहे हैं कि कभी भी खुद से या बिना डॉक्टर की सलाह के कोई भी दवा नहीं लेनी चाहिए। जिस तरह से दुनियाभर में एंटीबायोटिक रेजिस्टेंस की समस्या बढ़ती देखी जा रही है, ऐसे में ये सावधानी और भी जरूरी हो जाती है।

एक समय था जब एंटीबायोटिक दवाओं को चिकित्सा जगत का सबसे बड़ा हथियार माना जाता था, लेकिन आज वही चमत्कारी दवा दुनिया के सामने एक नई चुनौती बनकर खड़ी है। बार-बार एंटीबायोटिक दवाओं के इस्तेमाल के कारण एंटीबायोटिक रेजिस्टेंस का खतरा बढ़ गया है। इससे बैक्टीरिया इतने मजबूत हो चुके हैं कि पहले जिन दवाओं से वे आसानी से खत्म हो जाते थे, अब उन पर उनका असर कम या बिल्कुल नहीं होता। हालिया रिपोर्ट में स्वास्थ्य विशेषज्ञ बच्चों में बढ़ रहे एंटीबायोटिक रेजिस्टेंस की



समस्या को लेकर अलर्ट कर रहे हैं।

### बच्चों में एंटीबायोटिक रेजिस्टेंस का अलर्ट

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) लंबे समय से एंटीमाइक्रोबियल रेजिस्टेंस को वैश्विक स्वास्थ्य संकट बता रहा है। बच्चों में बार-बार संक्रमण होना, हर बुखार में बिना जांच के एंटीबायोटिक शुरू कर देना, डॉक्टर की सलाह के बिना दवा खरीद लेना या दवा का पूरा कोर्स पूरा न करना, ये सभी आदतें बैक्टीरिया को और अधिक ताकतवर बना रही हैं। मेडिकल रिपोर्ट्स से पता चलता है कि दुनियाभर में बच्चों में एंटीबायोटिक दवाओं के प्रति बढ़ता प्रतिरोध वैश्विक स्वास्थ्य व्यवस्था के लिए नई चुनौती बन रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि यदि एंटीबायोटिक दवाओं के अनियंत्रित और गलत इस्तेमाल पर रोक नहीं लगी तो आने वाले वर्षों में सामान्य संक्रमणों का इलाज भी बेहद कठिन हो सकता है। इसका सबसे अधिक असर बच्चों पर पड़ने की आशंका है, क्योंकि उनके लिए प्रभावी और सुरक्षित दवाओं के विकल्प पहले से ही सीमित हैं।



### अध्ययन में क्या पता चला?

अमेरिकी जर्नल जामा पीडियाट्रिक्स में प्रकाशित एक नए अध्ययन में बताया गया है कि बच्चों में संक्रमण फैलाने वाले दो प्रमुख बैक्टीरिया- ग्राम नेगेटिव बैक्टीरिया एसिनेटोबैक्टर बाउमानी और क्लेबसिएला तेजी से एंटीबायोटिक दवाओं के प्रति प्रतिरोध विकसित कर रहे हैं।

शोध के अनुसार एसिनेटोबैक्टर बाउमानी सबसे अधिक दवा प्रतिरोधी बैक्टीरिया के रूप में सामने आया है। यह बैक्टीरिया अस्पतालों में भर्ती मरीजों में रक्त संक्रमण, निमोनिया और अन्य गंभीर संक्रमणों का कारण बनता है।

दूसरी ओर क्लेबसिएला बैक्टीरिया मूत्र मार्ग



संक्रमण, लिवर एब्सेस और कई अन्य गंभीर बीमारियों से जुड़ा है। विशेषज्ञों के मुताबिक दक्षिण-पूर्व एशिया, पूर्वी यूरोप और पश्चिमी प्रशांत क्षेत्र में क्लेबसिएला में एंटीबायोटिक प्रतिरोध की रफ्तार सबसे तेज देखी जा रही है।

### क्यों बढ़ता जा रहा है खतरा?

अध्ययन में रॉयल चिल्ड्रन्स हॉस्पिटल, यूनिवर्सिटी ऑफ मेलबर्न और ब्राउन यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं का कहना है कि यदि इस प्रवृत्ति पर समय रहते नियंत्रण नहीं किया गया तो गंभीर संक्रमणों के उपचार के लिए उपलब्ध प्रभावी दवाएं लगातार कम होती जाएंगी। विशेषज्ञों के अनुसार बच्चों में बढ़ते एंटीबायोटिक रेजिस्टेंस का सबसे बड़ा कारण एंटीबायोटिक का अनावश्यक और गलत इस्तेमाल है। कई बार वायरल संक्रमण जैसे सर्दी, जुकाम या फ्लूमें भी एंटीबायोटिक शुरू कर दी जाती है, जबकि इन बीमारियों पर इनका कोई असर नहीं होता।

# निशानेबाजी में छत्तीसगढ़ की महिलाओं का शानदार प्रदर्शन, प्रोफेसर राजश्री ने जीता गोल्ड

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश राइफल एसोसिएशन की ओर से 25 वीं छत्तीसगढ़ राज्य निशानेबाजी प्रतियोगिता का आयोजन माना शूटिंग रेंज में 11 से 21 जुलाई को किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि डायरेक्टर जनरल पुलिस अरुण देव गौतम ने विजेताओं को पुरसस्कृत किया। 10 मीटर एवं 25 मीटर एयर पिस्टल, व्यक्तिगत स्पर्धा में डॉ कमलप्रीत सिंह (आई ए एस ), डॉ राजश्री गाईन (प्रोफेसर वेजिटेबल साइंस) ने महिला और पुरुष वर्ग की मास्टर्स कैटेगरी में गोल्ड जीता। वहीं 10 मीटर एयर पिस्टल में आर्या जायसवाल और वसुधा ने गोल्ड जीतकर अपनी जगह बनाई। 25 मीटर जूनियर कैटेगरी में आराध्या गुप्ता ने सोना जीता। 50 मीटर एयर पिस्टल में डॉ कमलप्रीत सिंह एवं जूनियर कैटेगरी में आरुष अखिलेश जॉय ने गोल्ड जीता। विमेन कैटेगरी में शक्ति चंद्रा ने सोना जीता। 10 मीटर एयर पिस्टल में जूनियर /यूथ कैटेगरी में सान्वी श्रीवास अवस्थी ने गोल्ड अपने नाम किया। 10 मीटर एयर राइफल में शिवा गुप्ता एवं सान्वी मारू ने गोल्ड जीता। वहीं 50 मीटर एयर राइफल में अदीब सिद्दीकी, सूरज पांडेय, ओम गुप्ता ने विभिन्न कैटेगरी में गोल्ड जीता तथा शिफा ख्वाजा एवं लेकिशा व्यास ने विमेन कैटेगरी में गोल्ड जीत कर अपनी जगह बनाई। छत्तीसगढ़ प्रदेश राइफल एसोसिएशन के सचिव दुर्गेश ने प्रतियोगिता के सफल आयोजन हेतु एवं पदक विजेताओं को शुभकामनाएं प्रेषित की।





## बारिश के मौसम में फ्रिज में होने लगी है नमी, तो तुंरत करें ये उपाय



क्या आपने नोटिस किया है कि इन दिन फ्रिज में नमी हो जाती है? यह कई कारणों से हो सकता है। चलिए इस लेख में हम आपको बताने वाले हैं वो गलतियां जो हम अक्सर करते हैं और फिर फ्रिज नम रहता है। अगर फ्रिज में नमी दिखे, तो ये काम करें। मानसून में नमी और घर में सीलन की समस्या हर किसी को परेशान करती है। ये नमी न सिर्फ कपड़ों और दीवारों में, बल्कि हमारी किचन और खासतौर पर फ्रिज में भी असर दिखाने लगती है। कई बार देखा गया है कि बारिश के दिनों में फ्रिज खोलते ही उसमें से अजीब-सी गंध आती है, दरवाजों के किनारों पर पानी जमा हो जाता है और सब्जियों में भी नमी की वजह से फफूंद लग जाती है। इसका कारण मौसम में बढ़ी ह्यूमिडिटी और फ्रिज की सही देखभाल न करना है।

### फ्रिज को बार-बार खोलने से बचें

यह तो हम सभी को पता है कि मानसून में वातावरण में नमी ज्यादा होती है। ऐसे में जब आप बार-बार फ्रिज खोलती हैं, तो बाहर की नमी फ्रिज के अंदर बैठने लगती है। इससे अंदर कंडेनसेशन होने लगता है और फ्रिज की दीवारों पर पानी की बूंदें जम जाती हैं। इससे जो भी चीजें आपने फ्रिज में रखी होती हैं, वे जल्दी खराब हो सकती हैं। कोशिश करें कि फ्रिज को बार-बार न खोलें और जो चाहिए वो एक बार में निकाल लें।

### फ्रिज को जरूरत से ज्यादा न भरें

कई बार हम फ्रिज को जरूरत से ज्यादा भर देते हैं। सब्जियां, फल और अन्य खाने की चीजों को ठूसा जाता है। ऐसे में उसमें हवा का सर्कुलेशन रुक जाता है ।



## शादी से पहले जरूर कराने चाहिए ये मेडिकल टेस्ट, मजबूत रहेगा रिश्ता

एक स्वस्थ और खुशहाल दाम्पत्य जीवन के लिए भावी दूल्हा-दुल्हन के बीच स्वास्थ्य पारदर्शिता और जागरूकता बेहद जरूरी है। कई बार कुछ छिपी हुई स्वास्थ्य समस्याएं भविष्य में रिश्ते में तनाव या गंभीर चुनौतियों का कारण बन सकती हैं। ऐसे में शादी से पहले कुछ जरूरी मेडिकल टेस्ट कराना एक समझदारी भरा कदम हो सकता है।

शादी दो लोगों और परिवारों को जोड़ने वाला एक पवित्र बंधन है, जिसकी नींव सिर्फ भावनात्मक नहीं, बल्कि स्वास्थ्य की सुरक्षा पर भी टिकी होती है। एक स्वस्थ और खुशहाल दाम्पत्य जीवन के लिए स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता बेहद जरूरी है। इसी बीच ये भी खबर आ रही है कि मेघालय में शादी से पहले एचआईवी की जांच कराना अनिवार्य हो सकता है। बता दें कि ऐसा नियम गोवा में पहले से ही लागू है।

ऐसे में बहुत से लोगों के मन में यह सवाल है कि आखिर शादी से पहले दूल्हा-दुल्हन को किन-किन मेडिकल जांचों को करा लेना चाहिए। ये टेस्ट न केवल संभावित स्वास्थ्य समस्याओं को समय रहते उजागर करते हैं, बल्कि भविष्य की चुनौतियों के लिए बेहतर तैयारी करने में भी मदद करते हैं। आइए ऐसे चार महत्वपूर्ण मेडिकल टेस्ट्स के बारे में जानते हैं, जो हर दूल्हा-दुल्हन को शादी से पहले जरूर कराने चाहिए।



### एचआईवी टेस्ट

एचआईवी (ह्यूमन इम्यूनोडेफिशिएंसी वायरस) टेस्ट शादी से पहले कराए जाने वाले सबसे महत्वपूर्ण टेस्ट्स में से एक है। यह टेस्ट यह सुनिश्चित करता है कि दोनों भागीदारों में से कोई भी इस वायरस से संक्रमित तो नहीं है।

### क्यों जरूरी

एचआईवी एक यौन संचारित रोग है। यदि एक पार्टनर संक्रमित है, तो शादी के बाद संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है। समय रहते इसका पता चलने पर न केवल संक्रमण को दूसरे पार्टनर तक फैलने से रोका जा सकता है, बल्कि यदि वे भविष्य में बच्चे पैदा करने की योजना बना रहे हैं, तो मां से बच्चे में संक्रमण के जोखिम को भी कम किया जा सकता है। प्रारंभिक पहचान से संक्रमित व्यक्ति को तुरंत एंटीरेट्रोवायरल थेरेपी शुरू करने में मदद मिलती है, जिससे वे एक सामान्य और स्वस्थ जीवन जी सकते हैं।

### इनफर्टिलिटी टेस्ट

इनफर्टिलिटी टेस्ट शादी से पहले भावी जोड़ों के लिए बहुत महत्वपूर्ण हो सकता है, खासकर यदि वे भविष्य में बच्चे पैदा करने की योजना बना रहे हैं। यह टेस्ट दोनों भागीदारों की प्रजनन क्षमता का आकलन करता है।

### क्यों जरूरी-

इस टेस्ट से पुरुष में शुक्राणु की गुणवत्ता और संख्या या महिला में ओवुलेशन और प्रजनन अंगों से संबंधित संभावित समस्याओं का पता चल सकता है। यदि कोई समस्या पाई जाती है, तो दंपति को पहले से ही इस बारे में पता होगा और वे भावनात्मक, मानसिक और आर्थिक रूप से भविष्य के लिए तैयार हो सकते हैं। यह अनावश्यक तनाव और निराशा से बचने में मदद करता है जो बाद में संतान प्राप्ति में कठिनाई होने पर उत्पन्न हो सकती है। यह टेस्ट उन्हें प्रजनन विशेषज्ञों से परामर्श लेने और सही समय पर उपचार विकल्प तलाशने में सक्षम बनाता है।




# आज सबसे बड़ी चुनौती बन रहा स्क्रीन एडिक्टेड लोगों की बढ़ती तादाद, इससे बचना भी आसान

*स्क्रीन एडिक्शन एक बेहद आम समस्या जिससे बहुत से लोग परेशान हैं। ये आदत दिखने में एक सामान्य आदत लग सकता है, लेकिन यह धीरे-धीरे हमारे जीवन में कई चीजों को प्रभावित करता है। आइए इस लेख में इसी के बारे में सब कुछ जानते हैं।*


आज के दौर में स्मार्टफोन, टैबलेट, कंप्यूटर और टेलीविजन जैसे गैजेट्स हमारे जीवन का एक अभिन्न अंग बन चुके हैं। काम से लेकर मनोरंजन तक, हर क्षेत्र में इनकी भूमिका बढ़ती जा रही है, खासकर कोरोना महामारी के बाद 'वर्क फ्रॉम होम' और 'ऑनलाइन लर्निंग' ने स्क्रीन पर बिताए जाने वाले समय को और बढ़ा दिया है। हालांकि, इन गैजेट्स के कई फायदे हैं, लेकिन इनका अत्यधिक और अनियंत्रित उपयोग धीरे-धीरे एक नई समस्या को जन्म दे रहा है जिसे 'स्क्रीन एडिक्शन' कहते हैं।

यह डिजिटल उपकरणों के उपयोग की एक लत है, जिसमें व्यक्ति नकारात्मक परिणामों के बावजूद स्क्रीन से दूर नहीं रह पाता। यह लत बच्चों, किशोरों और वयस्कों सहित हर आयु वर्ग को प्रभावित कर रही है।



ध्यान देने वाली बात यह है कि बहुत से लोगों को ये मालूम भी नहीं है कि वो स्क्रीन एडिक्टेड हैं। इसलिए आइए इस लेख में जानते हैं कि स्क्रीन एडिक्शन के लक्षण क्या हैं और इससे बचाव के लिए क्या उपाय अपनाए जा सकते हैं।

स्क्रीन एडिक्शन के लक्षणों को पहचानना पहला कदम है। ये लक्षण शारीरिक, मानसिक और सामाजिक रूप से दिख सकते हैं। सबसे पहला व्यक्ति स्क्रीन पर बिताए जाने वाले समय को कंट्रोल नहीं कर पाता और जब स्क्रीन उपलब्ध न हो तो बेचैनी या चिड़चिड़ापन महसूस करता है। दूसरा काम, पढ़ाई या घर के कामों की जगह स्क्रीन टाइम को प्राथमिकता देना शुरू कर देता है। तीसरा व्यक्ति असली दुनिया के बजाय डिजिटल बातचीत को पसंद करता है, जिससे परिवार और दोस्तों से दूरी बढ़ने लगती है। चौथा लगातार आंखों में खिंचाव, सिरदर्द, गर्दन या पीठ में दर्द और नींद में खलल (अनिद्रा) जैसी समस्याएं हो सकती हैं। पांचवा स्क्रीन का इस्तेमाल न कर पाने पर चिंता, उदासी या खालीपन महसूस होना।









# फिल्म इवेंट

## हॉलीवुड

### लौट आया कैप्टन अमेरिका, रिलीज हुआ 'अवेंजर्स डूम्सडे' का ट्रेलर

एंथनी और जो रूसो के निर्देशन में बनी फिल्म 'अवेंजर्सः डूम्सडे' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। इसमें डॉक्टर डूम के खिलाफ सुपरहीरो की टीम को इकट्ठा करते हुए दिखाया गया है। डॉक्टर डूम से लड़ने के लिए क्रिस हेम्सवर्थ और मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स व अन्य जगहों के कई सुपरहीरो वापस आए हैं। पहले ट्रेलर में पिछली मार्वल और एक्स-मेन फिल्मों के कई मशहूर किरदार दिखाई देते हैं।



एवेंजर्स सीक्वल के पहले ट्रेलर में एक बड़ी टीम दिखाई गई है। ये लोग दुनिया को बचाने के लिए एकजुट हो रहे हैं। थोर (क्रिस हेम्सवर्थ) असल लीडर की भूमिका निभाते हैं। थोर चेतावनी देता है कि अगर वे अभी एक साथ नहीं खड़े हुए, तो उनकी पिछली कुर्बानियां बेकार चली जाएंगी। वह उनसे अपनी छोटी-मोटी लड़ाइयां भुलाकर लड़ने के लिए कहता है। दो मिनट 26 सेकंड का यह ट्रेलर एक जबरदस्त रीयूनियन के साथ खत्म होता है, जिसमें थोर का सामना अपने पुराने दोस्त स्टीव रोजर्स से होता है। थोर को 'डूम' का सामना करते हुए भी थोड़ी देर के लिए दिखाया गया है।

नया ट्रेलर दर्शकों को उस टीम की पहली झलक दिखाता है, जो डॉक्टर डूम के खिलाफ उतरेगी। नए फैंटास्टिक फोर से लेकर, पॉल रुड की एंट मैन, फ्लोरेंस पुघ की येलेना, द वकंदन्स और यहां तक कि मूल एक्स-मेन की वापसी तक, डूम्सडे की सुपरहीरो कास्ट काफी हिट है। यह फिल्म 18 दिसंबर 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म के लेखक माइकल वाल्ड्रॉन और स्टीफन मैकफीली हैं। डूम्सडे की कहानी सीक्रेट वॉर्स की अगली कड़ी में समाप्त होगी।

## टॉलीवुड

### 'टॉक्सिक' का दूसरा गाना 'मदहोश' रिलीज, यश -तारा की केमिस्ट्री दिखी



यश स्टारर अपकमिंग फिल्म 'टॉक्सिक' का नया गाना मंगलवार को रिलीज हुआ। गाने का टाइटल 'मदहोश' है और इसे आवाज दी है सिद्धार्थ बसरूर ने। वहीं गाने का म्यूजिक तनिष्क बागची, फहीम अब्दुल्ला और अरसलान निजामी ने दिया है। गीत लिखा है अरसलान निजामी और सैयद मुराद गिलानी ने। मंगलवार को रिलीज हुए इस गाने के वीडियो में यश और अभिनेत्री तारा सुतारिया के बीच की जबरदस्त कैमिस्ट्री देखने को मिली। बता दें यह फिल्म का दूसरा गाना है। इससे पहले यश और कियारा का गाना तबाही रिलीज हुआ था।

3 मिनट 14 सेकंड के इस वीडियो सॉन्ग में राया बने यश और रिबेका बनीं तारा के बीच का कनेक्शन पेश किया गया है। प्रपोज करने से लेकर, प्यार और फिर तकरार होने तक का सफर दिखाया गया है। इसके अलावा गाने में कियारा आडवाणी और नयनतारा की भी झलक मिली है।

यश, नयनतारा, कियारा, तारा सुतारिया, रुक्मिणी वसंत और हुमा कुरैशी जैसे कलाकारों से सजी यह फिल्म इस साल 26 अगस्त के दिन रिलीज होगी। फिल्म का निर्देशन गीतू मोहनदास ने किया है। यह कन्नड़ और अंग्रेजी भाषा में शूट हुई है वहीं इसे हिंदी, तमिल, तेलुगु और मलयालम समेत अन्य भाषाओं में डब किया गया है।

## भोजपुरी

### पवन संग बड़े पर्दे पर आग लगाएंगी शिव्या, हिंदी फिल्म से करेंगी डेब्यू



टीवी एक्ट्रेस शिव्या पठानिया अब जल्द ही बड़े पर्दे पर डेब्यू करने जा रही हैं। हालांकि खास बात है कि उनके साथ भोजपुरी के पावर स्टार पवन सिंह स्क्रीन शेयर करेंगे। भोजपुरी इंडस्ट्री के पावर स्टार पवन सिंह के साथ काम करना कई कलाकारों का सपना होता है। फिल्मी दुनिया से लेकर पॉलिटिक्स तक, पवन सिंह ने अपनी एक खास पहचान बनाई है, जिसके दर्शक दीवाने हैं। इसी बीच उनसे जुड़ी एक बड़ी खबर सामने आ रही है कि एक्ट्रेस शिव्या पठानिया जल्द ही पावर स्टार के साथ स्क्रीन शेयर करने वाली है, जो उनके लिए बहुत खास होने वाला हैं।

बताया जा रहा है कि शिव्या पठानिया छोटे पर्दे के बाद अब बड़े पर्दे पर डेब्यू करने वाली हैं, जिसमें उनके साथ पवन सिंह लीड रोल में नजर आएंगे। हालांकि ये फिल्म भोजपुरी में नहीं, बल्कि हिंदी में होने वाली है। इस फिल्म से पवन सिंह भी हिंदी सिनेमा में डेब्यू करने जा रहे है, जो उनके फैंस के लिए किसी बड़े तोहफे से कम नहीं है। जहां शिव्या पठानिया अपनी पहली फिल्म को लेकर एक्साइटेड हैं, वहीं पवन सिंह जैसे सुपरस्टार के साथ स्क्रीन शेयर करना उनकी खुशी को दोगुना कर रहा है। शिव्या ने फिल्म को लेकर बताया कि ये एक रोमांटिक फिल्म होने वाली है, जिसमें बहुत खूबसूरत गाने भी हैं और पवन सिंह भी बहुत प्रोफेशनल हैं। वो सेट पर समय से पहुंच जाते है और अपने किरादर के लिए काफी मेहनत करते हैं। फिल्म की शूटिंग भोपाल और लखनऊ में हुई है, जहां इनकी फैन फॉलोइंग देख कर वो दंग रह गई थीं। नार्थ साइड में उनका स्टारडम देखने लायक है और लोग इनके लिए पागल हैं। बता दें कि फिल्म का पोस्ट प्रोडक्शन शुरू हो चुका है और इसका डबिंग पार्ट अभी बाकी है। बड़े पर्दे पर देखने के लिए दर्शकों को थोड़ा और इंतजार करना होगा। लेकिन ये फिल्म जब भी सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## सीनेटर का फैशन

संयुक्त राज्य अमेरिका में सीनेटर संसद के उच्च सदन के निर्वाचित सदस्य होते हैं जो कानून बनाने और नीतिगत फैसलों में भाग लेते हैं। लेकिन, इसका मतलब यह नहीं है कि सीनेटर को फैशन से कोई मतलब लेना-देना नहीं होता है। पिछले दिनों में अमेरिकी संसद के मध्य एक समारोह में सीनेटर जना स्टीवर्ट ने मशहूर डिजाइनर फर्म 'क्लोदिंग द गैप्स' की तैयार पोशाक में दिखी।




लाइफ स्टाइल

## उमस के दिनों में बढ़ जाती हैं स्किन से जुड़ी परेशानियां

जुलाई का महीना चल रहा है, जिसमें लगभग हर जगह ही खूब बारिश हो रही है। इस मौसम में स्किन का ध्यान रखना बेहद जरूरी हो जाता है। यदि ध्यान न रखा जाए तो दिक्कत काफी ज्यादा बढ़ जाती है। बहुत से लोगों को तो इस बारे में जानकारी ही नहीं रहती है।

उन्हें लगता है उमस के मौसम में भी वही स्किन केयर प्रोडक्ट इस्तेमाल किए जा सकते हैं, जो गर्मी के मौसम में उपयोग किए जाते हैं। जबकि ऐसा नहीं है। लोगों की इसी परेशानी को देखते हुए हम आपको बताएंगे कि उमसभरे इस मौसम में आपकी स्किन से संबंधी क्या दिक्कतें हो सकती हैं और इन दिक्कतों को कम करने के लिए क्या-क्या किया जा सकता है।

### उमस में क्यों बढ़ती हैं स्किन प्रॉब्लम्स?

सबसे पहले जानते हैं कि उमस के मौसम में स्किन से संबंधी दिक्कतें इतनी क्यों बढ़ जाती हैं ? दरअसल, इसी मौसम में बहुत से लोगों की स्किन के पोर्स पूरी तरह से बंद हो जाते हैं। पोर्स के बंद होने पर स्किन में पसीना काफी ज्यादा आता है और स्किन काफी ऑयली हो जाती है। इसके बाद धीरे-धीरे स्किन पर फंगल इंफेक्शन का खतरा बढ़ने लगता है, जिस कारण तमाम दिक्कतें सामने आने लगती हैं। इन दिक्कतों में सबसे अहम है चेहरे पर मुंहासों का होना, स्किन पर ऑयल का आना, एक्ने और पेग्मेंटेशन का होना। इस लेख में हम आपको इन दिक्कतों का हल भी बताएंगे।



सही फेस वॉश करें इस्तेमाल

यदि उमस के मौसम में आप सही फेसवॉश का इस्तेमाल करेंगे तो आपको काफी दिक्कतें होन वाली है। इसलिए हमेशा मौसम के हिसाब से फेस वॉश का इस्तेमाल करें, ताकि उमस के मौसम में भी आपकी स्किन खिली-खिली रहे। अगर इस मौसम में आपके फेसवॉश में नीम, टी ट्री ऑयल या सैलिसिलिक एसिड हो तो ये आपके लिए ज्यादा फायदेमंद रहेगा।

### टोनर है जरूरी

लोगों को लगता है कि बारिश के मौसम में स्किन को हाइड्रेट रखने की जरूरत नहीं है। जबकि ऐसा नहीं है। इस मौसम में भी त्वचा को नमी की बेहद जरूरत होती है। ऐसे में दिन में दो बार टोनर का इस्तेमाल करें, और अपने चेहरे को दमकाएं।


### ऑयल फ्री मॉइश्चराइजर आएगा काम

बहुत लोग सोचते हैं कि उमस के मौसम में उन्हें मॉइस्चराइजर नहीं चाहिए, लेकिन यह जरूरी है। हमेशा ध्यान रखिए कि बारिश और उमस के मौसम में जेल बेस्ड और वाटर बेस्ट मॉइश्चराइजर अवश्य करना चाहिए। ये आपके स्किन को मॉइश्चराइज करने में मदद करता है।

## सावन में दिखेंगी खूबसूरत, जब पहनेगी सिंपल ग्रीन कलर लहंगे



इस साल 30 जुलाई से सावन का महीना शुरू हो रहा है। अगर आप भी सावन महीने के किसी भी दिन अपने लुक को खास और डिफरेंट बनाना चाहती है, तो आज हम आपको कुछ ऐसे लेटेस्ट ग्रीन कलर के लहंगे डिजाइन बताएंगे, जिन्हें ट्राई कर आप अपनी खूबसूरती में चार चांद लगा सकती हैं। सावन के महीने में अधिकतर महिलाएं हरे रंग के कपड़े पहनना पसंद करती है। ऐसे में अगर आप भी सावन के आखरी सोमवार या सावन महीने के किसी भी दिन अपने लुक को खास और डिफरेंट बनाना चाहती है, तो यह खबर आपके लिए खास हो सकती है। आज हम आपको कुछ ऐसे लेटेस्ट ग्रीन कलर के लहंगे डिजाइन बताएंगे, जिन्हें ट्राई कर आप अपनी खूबसूरती में चार चांद लगा सकती हैं साथ ही सावन महीने को यादगार बना सकती हैं।



### ऑलिव ग्रीन और सिल्वर टोन्ड प्रिंटेड रेडी-टू-वियर लहंगा



अगर आप अपने ऑफिस में भीड़ से हटकर दिखना चाहती हैं और यूनिक लुक क्रिएट करना चाहती हैं, तो आप इस खूबसूरत ऑलिव ग्रीन और सिल्वर टोन्ड प्रिंटेड रेडी-टू-वियर लहंगा को ट्राई कर सकती हैं। इस तरह के लहंगे न सिर्फ आपको रॉयल लुक देंगे, बल्कि इसे पहनकर आप भीड़ से हटकर भी दिख सकती हैं। आप इस तरह के लहंगे को ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों जगह से खरीद सकती हैं।

### प्रिंटेड कॉटन लहंगा

यही नहीं आप चाहें, तो सावन के महीने में किसी भी दिन अपने लुक को बेहतर बनाने के लिए इस खूबसूरत ग्रीन कलर प्रिंटेड कॉटन लहंगा को ट्राई कर सकती हैं। ऐसे लहंगे आपकी खूबसूरती में चार चांद लगा देंगे और आपको यूनिक लुक देने में मदद करेंगे। आप इस तरह के लहंगे को ऑनलाइन खरीद सकती हैं या बाजार से कपड़ा लाकर ऐसा बनवा भी सकती हैं।

## बारिश में पत्ते की तरह झड़ रहे हैं बाल तो करें ये उपाय

मॉनसून सीजन में स्किन के साथ बालों से जुड़ी समस्या होना भी आम बात है। बारिश के मौसम उमस और पसीने की वजह से बाल चिपचिप होने लगते हैं। ऐसे में बालों की जड़ें कमजोर होने लगती हैं और बाल बहुत ज्यादा टूटने लगते हैं। रोजाना पत्तों की तरह झड़ते बालों को देखकर हम परेशान होने लगते हैं। आपने अरंडी के तेल बारे में जरूर सुना होगा। यह बालों के लिए बेहद अच्छा होता है। यदि आपके भी बारिश में मौसम में बाल बहुत ज्यादा झड़ रहे हैं और आप इन्हें रोकने के लिए हर तरह के उपाय करके थक चुकी हैं तो आपको कैस्टर आयल का एक आसान घरेलू उपाय जानना चाहिए।

हेयरफॉल रोकने के लिए कैस्टर ऑयल में क्या मिलाएं?

इसके लिए आपको एक कटोरी में कैस्टर आयल लेना है। अब आप एक प्याज छीलकर उसको मिक्सर जार में डालकर पीस लें। प्याज के पल्प को आपको एक कपड़े में डालकर उसका जूस निकाल लेना है। फिर आप मेथी दाना लेकर उसको थोड़ी देर पानी में भिगो दें।



अब मेथी के दाने मिक्सर जार में डालकर पीस लेने हैं। इसके बाद आप अरंडी का तेल में प्याज का रस और मेथी दाने का पेस्ट डालकर मिक्स करें। अब आप इस तेल को किसी बर्तन में डालकर गर्म करें और उसमें कुछ करी पत्ते भी डाल दें। तेल ठंडा हो जाने के बाद आपको इसे किसी बोतल में भर लेना है। इस तेल से आप हफ्ते में दो बार स्कैल्प में मालिश करें। उसके बाद रातभर लगा रहने दें और सुबह बालों को शैंपू से वॉश कर लें। इस प्रक्रिया को आप यदि लगातार दो तीन हफ्ते दोहराती हैं तो आपको कुछ ही दिन में बालों में हेयरफॉल की समस्या खत्म होती दिख जाएगी।

## झुमके के लेटेस्ट डिजाइंस में पाएं सिंपल लुक

अपने आउटफिट में ब्यूटीफुल लुक पाने के लिए आप इस तरह के झुमके स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह के झुमके में आपका लुक खूबसूरत नजर आएगा साथ ही, आप भीड़ से भी अलग नजर आएंगी। हर महिला को झुमके पसंद होते हैं और अपने आउटफिट में स्टाइलिश लुक पाने के लिए महिलाएं बेस्ट से बेस्ट झुमके का चुनाव करती हैं। वहीं, अगर आप सिंपल लुक चाहती हैं तो, आप इस आर्टिकल में दिखाए गए झुमके स्टाइल कर सकती हैं। इस झुमके में आपका लुक स्टाइलिश नजर आएगा साथ ही, आपका लुक ब्यूटीफुल भी लगेगा।

### लेटेस्ट डिजाइंस

लेटेस्ट डिजाइंस के झुमके आपके आउटफिट के साथ स्टाइल करने के लिए बेस्ट ऑप्शन हो सकते है और इस तरह के झुमके में आपका लुक खूबसूरत नजर आएगा। यह झुमके आप ऑनलाइन या ऑफलाइन इन दोनों ही जगहों से सस्ते कीमत में खरीदकर स्टाइल कर सकती हैं।

### स्टोन वर्क झुमके

अगर आप डार्क कलर का आउटफिट स्टाइल कर रही हैं। तो, आप इस तरह के स्टोन वर्क झुमके का चुनाव कर सकती हैं। इस झुमके में बेहद ही खूबसूरत स्टोन वर्क किया हुआ है साथ ही, इसमें बीड्स वर्क भी किया हुआ है। इस तरह के झुमके आप ऑनलाइन ले सकती हैं। वहीं ऑफलाइन भी आपको ये झुमके 200 रुपये की कीमत में मिल जाएंगे।



### कुंदन वर्क झुमके

अगर आप लॉन्ग में कुछ पहनने का सोच रही हीं तो, आप इस तरह झुमके स्टाइल कर सकती हैं। इन झुमके में कुंदन वर्क किया किया है और साथ ही, ये लाइट कलर में है। इस तरह के झुमके आप लाइट और डार्क दोनों कलर के आउटफिट के साथ स्टाइल कर सकती हैं। वहीं इस कुंदन वर्क झुमके को आप 300 रुपये की कीमत में बाजार या ऑनलाइन दोनों ही जगहों से खरीद सकती है।

कार्नर न्यूज

मेंस फैशन में अक्सर हो जाती हैं गलतियां

## अक्सर इन वजहों से यंग बॉय करते हैं फैशन मिस्टेक, इन गलतियों को करने से ऐसे बचें

फैशन मिस्टेक ऐसे होती हैं जिनके बारे में हमें पता नहीं चल पाता। हां, जब किसी स्टाइलिश आदमी की नजर पड़ती है तो वह जान लेता है। इस कारण हम बेहतर कपड़े पहनकर भी परफेक्ट नहीं दिख पाते हैं। ऐसे में कपड़ों के ऊपर पैसे खर्च करने का क्या मतलब। कई लोग सोच रहे होंगे मेरी मर्जी मैं जैसे चाहूं वैसे कपड़े पहनूं, किसी का क्या जाता है। मगर ऐसा नहीं है। हर चीज को परफेक्ट बनाने के लिए कुछ रूल्स निर्धारित किए जाते हैं। हमें उन रूल्स को फॉलो करना होता है। उसी तरह फैशन रूल्स होते हैं जिनका पालना करना चाहिए।

इसलिए हम यहां पर लड़कों के स्टाइल मिस्टेक के बारे में बताने वाले हैं। चूंकि न केवल गलतियां बल्कि फैशन मिस्टेक के प्रमुख कारण से लेकर उन गलतियों को दूर करने के बारे में भी जानेंगे। तभी तो खुद को परफेक्ट लुक दे पाएंगे, वो भी बिना गलती किए। अगर आप फैशन मिस्टेक नहीं करना चाहते हैं तो चलिए बारी-बारी हम एक-एक कारण और समाधान को जान लेते हैं-



### देखादेखी न पहनें ड्रेस

हम जब किसी को ब्लाइंडली फॉलो करते हैं तो उसको समझने की भाषा में देखादेखी कहते हैं। अक्सर फैशन की दुनिया में देखादेखी करने वालों की संख्या बहुत अधिक है। कई लोग सेलिब्रिटी फैशन तो कई लोग अपने दोस्त या अन्य किसी को देखकर उनकी तरह दिखने का प्रयास करते हैं। हम यह नहीं कहते हैं कि किसी के फैशन से खुद को इंस्पायर न करें। आप बेहिचक रणवीर सिंह हो या अन्य एक्टर उनके लुक को देखें। लेकिन आपको ठीक वैसा ही दिखना यह जरूरी नहीं। उसके लिए आपको कुछ बातों की जानकारी होनी चाहिए-

**समाधान जानिएः** देखादेखी ड्रेस नहीं पहननी है इसलिए किसी फैशनेबल को देखना बंद न करें। आप उनको देखें। मगर आप ड्रेस अपने बॉडी फिट और स्किन टोन का ध्यान रखकर कपड़ा खरीदें। अगर इन दो बातों का ध्यान रखेंगे तो इससे कपड़ा आपके शरीर पर जंचेगा।



### अंडरशर्ट को लेकर गलती

अंडरशर्ट को लेकर बहुत सारे लड़की गलती करते हैं। शायद ही ऐसा कोई लड़का हो जो इस बात को लेकर परेशान न हो। कई लोगों को अंडरशर्ट वाली पता चलती है मगर उनको सही जानकारी नहीं होने के कारण वे कुछ कर नहीं पाते। कई लोग जानबूझकर करते हैं। अब समझिए, अंदर पहनने वाली चीज बाहर दिखेगी तो कैसा लगेगा। हमारे हिसाब से अंदर की चीज अंदर ही रहनी चाहिए। इसलिए तो उसका नाम अंडरशर्ट दिया गया है। मगर कई लोगों का अंडरवियर जींस से बाहर निकल जाता है और गंजी-बनियान शर्ट से बाहर दिखते हैं।

**जानिए समाधानः** इसके लिए क्या करना होगा। यहां पर आप कुछ सिंपल फंडा समझ लें। पहली बात कभी भी टी-शर्ट के अंदर गंजी-बनियान न पहनें। अंडरवियर जितना भी महंगा हो लेकिन उसको बाहर न दिखाएं। इसके लिए अंडरशर्ट को लेकर विस्तार रूप से यहां पढ़ें। इससे आपको काफी मदद मिल जाएगी। दिखावा क्यों भाई, क्या जरूरर है दिखावा करने की। कपड़े शरीर को ढंकने और खुद को निखारने के लिए होते हैं।